मनेन्द्रगढ़

03 सितम्बर 2025 बुधवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

मनेन्द्रगढ़, रीवा एवं सतना से एक साथ प्रकाशित



राशिद खान ने रचा

@ पेज 7

## मोहाली में जम्मू-कश्मीर के 3 युवक गिरफ्तार



**पंजाब, एजेंसी।** मोहाली पुलिस ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (JeM) से जुड़े एक मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। इस मामले में जम्मू-कश्मीर के तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों का संबंध टैक्सी ड्राइवर अनिल कुमार के अपहरण और हत्या से निकला है। अनिल, जो नयागांव का निवासी था, घर से चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन सवारी लेने गया था और उसके बाद उसका कोई सुराग नहीं मिला। उसकी कार रोपड़ टोल पर देखी गई थी।

## पंजाब के 12 जिलों में बाढ़, 29 लोगों की मौत, उत्तराखंड में स्कूल बंद

### दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ा, कई कॉलोनियां खाली कराई गईं







**पठानकोट/ शिमला/ गुरुग्राम, एजेंसी।** पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली समेत उत्तर भारत में बारिश जारी है। पंजाब के पठानकोट, फिरोजपुर समेत 12 जिले एक हफ्ते से बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य में 1,312 गांवों के 2.56 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक 29 लोगों की मौत हो गई है। भिवानी, हिसार, सिरसा, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला में आज कुछ स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। गुरुग्राम के दफ्तरों में कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के आदेश जारी किए गए हैं।

उधर, दिल्ली में यमुना नदी के खतरे के निशान को पार करने के बाद मंगलवार को ट्रांस-यमुना क्षेत्र की कई कॉलोनियों में पानी घुस गया। यमुना बाजार, मयूर विहार और आसपास के इलाकों की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अपना जरूरी सामान लेकर राहत शिविरों में जाने की अपील की है।

उत्तराखंड के सभी 13 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। सोमवार को उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर लैंडस्लाइड से दो लोगों की मौत हो गई और 6 घायल हो गए। भारी बारिश के कारण चार धाम यात्रा 5 सितंबर तक स्थगित कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश में इस साल अगस्त की बारिश ने 76 साल का रिकॉर्ड तोड़ा दिया। बीते महीने सामान्य से 68% ज्यादा (256.8 mm) बारिश हुई। यह 1949 के बाद से सबसे ज्यादा है। शिमला में पिछले 24 घंटे में लैंडस्लाइड और मकान गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है। मौसम विभाग ने मंगलवार को हिमाचल के 6 जिलों में बहुत तेज बारिश का रेड अलर्ट है। 8 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे।

### ताऊ देवीलाल का हाथ पकड़कर राजनीति में आए धनखड़

## उपराष्ट्रपति आवास खाली कर उन्हीं के बंगले में रहने पहुंचे



**हिसार,एजेंसी।** 21 जुलाई को अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देकर सुर्खियों में आए जगदीप धनखड़ 1 सितंबर को अपना सरकारी आवास छोड़कर नई दिल्ली के ही छत्तरपुर एरिया में बने एक फार्म हाउस में शिफ्ट हो गए। जिस फार्म हाउस में जगदीप धनखड़ शिफ्ट हुए हैं, वह देश की सियासत में अपनी खास पहचान रखने वाले चौटाला परिवार का है। धनखड़ इसी चौटाला परिवार के मुखिया और देश के उपप्रधानमंत्री रहे स्व. ताऊ देवीलाल का हाथ पकड़कर राजनीति में आए। जगदीप धनखड़ और चौटाला फैमिली, दोनों जाट बिरादरी से ताल्लुक रखते हैं और दोनों परिवारों के बीच गहरे पारिवारिक संबंध हैं। उपराष्ट्रपति पद पर रहते हुए भी धनखड़ का चौटाला परिवार से लगाव कई बार नजर आया।

## करनाल का युवक रेप केस में अमेरिका में अरेस्ट-फ्रेंडशिप कर महिलाओं को फंसाता

**करनाल ,एजेंसी।** हरियाणा के करनाल का रहने वाला एक युवक अमेरिका में रेप के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने दोस्ती के बहाने पहले दो महिलाओं को अपने जाल में फंसाया और फिर अपनी काली टोयोटा हाईलैंडर कार में उनके साथ रेप किया। मामले का खुलासा तब हुआ, जब जनवरी 2025 के अंत में अमेरिका की सांता रोजा पुलिस विभाग (एसआरपीडी) को पहली पीड़िता ने शिकायत दी। इसके बाद जांच घरेलू हिंसा यौन शोषण टीम (DVSA) को सौंपी गई। पुलिस ने गहन जांच की और आरोपी की पहचान 34 वर्षीय शम्मी वर्मा के रूप में की, जो सैम, शम्मी और वर्मा नाम से भी जाना जाता है। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जेल भेजते वक्त कोर्ट ने उसे समाज के लिए खतरा बताया।

## लद्दाख से धर्मशाला लौटे दलाईलामा

### 50 हजार श्रद्धालुओं को दिए प्रवचन, लेटर लिखकर जताया आभार



**धर्मशाला, एजेंसी।** तिब्बती धर्मगुरु 14वें दलाईलामा मंगलवार को छह हफ्ते के लद्दाख प्रवास और पांच दिन के दिल्ली प्रवास के बाद धर्मशाला स्थित अपने स्थायी निवास पर लौट आए। एयरपोर्ट पर तिब्बती समुदाय ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह में कैलोन ग्यारी डोल्मा, सेटलमेंट ऑफिसर कुंचोक मिगमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। शुगसेब ननरी की भिक्षुणियां, नेचुंग मठ के भिक्षु और तिब्बती संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। लद्दाख प्रवास के दौरान दलाईलामा ने लेह और जांस्कर में प्रवचन दिए। इन प्रवचनों में 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### वैष्णो देवी मंदिर 7 दिन से बंद

## 700 श्रद्धालुओं का खर्च होटल वाले उठा रहे

### 200 कमरे खोले; नाश्ता-डिनर सब फ्री दे रहे



**जहां 30 हजार श्रद्धालु रोज आते थे, वहां सन्नाटा...**

श्री वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड से पहले बरिदर सेवा समिति मंदिर का प्रबंधन करती थी। समिति के पूर्व अध्यक्ष शेर सिंह बरिदराम ने बताया कि कटरा में हमेशा 30 हजार श्रद्धालु तक रहते थे, लेकिन 7 दिन से सन्नाटा है। श्राइन बोर्ड ने बताया 18 किमी लंबे यात्रा मार्ग पर मरम्मत चल रही है। पूरा होने से बाद ही यात्रा शुरू होगी। जिन श्रद्धालुओं की हेलिकॉप्टर सेवा, भवन या भैरों घाटी के बीच रोपवे, होटल की बुकिंग थी, उन्हें पैसा रिफंड कर रहे हैं।

**कटरा,एजेंसी।** मैं 26 अगस्त को तीन दोस्तों के साथ कटरा पहुंचा था, लेकिन भूस्खलन के बाद वैष्णो देवी यात्रा बंद हो गई और मैं होटल में रुक गया। शुक्र गुजार हूं होटल मालिक का, जिन्होंने 7 दिन से किराया नहीं लिया। नाश्ते से लेकर रात के खाने तक का इंतजाम वही कर रहे हैं। उनकी जिद है कि माता के दर्शन कराए बिना नहीं लौटने देंगे।

यह बात कहते-कहते उत्तर प्रदेश में अमरोहा निवासी अमिश चौधरी की आंखें भर आईं। उन जैसे करीब 500 श्रद्धालु कटरा में हैं, जो यात्रा मार्ग पर 26 अगस्त को लैंडस्लाइड आने के बाद से फंसे हुए हैं। इनका पूरा खर्च कटरा होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन उठा रहा है। कटरा होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वजीर ने बताया कि यहां 300 होटल-गेस्ट हाउस हैं, जिनमें 6 हजार कमरे हैं। करीब 200 कमरे श्रद्धालुओं के खोले हैं। हम श्रद्धालुओं को उनकी पसंद का नाश्ता-खाना दे रहे हैं। 200 लोग धर्मशालाओं में हैं। एक हफ्ते से हम भी नुकसान में हैं, पर दुख की घड़ी में एकजुट हैं। जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के कारण वैष्णो देवी यात्रा मंगलवार को लगातार सातवें दिन स्थगित है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने कहा कि उसने दोबारा यात्रा शुरू होने तक हेलिकॉप्टर और आवास सहित सभी बुकिंग रद्द कर दी हैं। लोगों को 100% रिफंड दिया जाएगा।

यात्रा मार्ग के संवेदनशील इलाकों में स्थित होटलों, दुकानों को तुरंत खाली करने का आदेश दिया गया है। इसमें एशिया चौक, बलिनी पुल के बीच, दर्शनी ड्योढ़ी तक हैं। श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि इन संवेदनशील हिस्सों में 80 से ज्यादा दुकानें और छोटे होटल आते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- राष्ट्रपति के मामले में संविधान की व्याख्या करेंगे

## किसी व्यक्तिगत मामले में नहीं; राज्यपालों-राष्ट्रपति के लिए डेडलाइन से जुड़ा मामला



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह संविधान की व्याख्या सिर्फ राष्ट्रपति के मामले में करेगा, किसी राज्य या व्यक्ति से जुड़े अलग-अलग मामलों में नहीं। कोर्ट ने यह टिप्पणी राज्य सरकार द्वारा भेजे बिलों पर राज्यपालों और राष्ट्रपति के साइन करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाले मामले में की। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अगर सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी आंध्र प्रदेश, तेलंगाना या कर्नाटक जैसे राज्यों का उदाहरण देंगे, तो केंद्र को भी जवाब दाखिल करना होगा। इस पर CJI बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने कहा- हम अलग-अलग राज्यों के मामलों पर चर्चा नहीं करेंगे, बल्कि केवल संविधान की धाराओं को देखेंगे। सुनवाई में सिंघवी ने कहा कि अगर विधानसभा किसी बिल को वापस नहीं भेजना चाहती तो वह अपने आप अस्वीकृत हो सकता है। अगर राज्यपाल बिल को विधानसभा को लौटाते ही नहीं हैं, तो अनुच्छेद 200 की प्रक्रिया ही रुक जाएगी। दरअसल, मई में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से पूछा था कि क्या अदालत राज्यपालों और राष्ट्रपति को बिलों पर फैसला करने के लिए समय-सीमा तय कर सकती है।

## हिसार में करंट से 3 युवकों की मौत

- हाईटेंशन तार टूटकर गिरी, तीनों ने सड़क पर तड़पकर दम तोड़ा; गोगामेड़ी से लौट रहे थे



**हिसार,एजेंसी।** हरियाणा के हिसार में मंगलवार को बारिश के बीच 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन तार टूटकर बाइक सवार 4 युवकों पर गिर गई। इस हादसे में 3 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों युवक राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में स्थित गोगामेड़ी से दर्शन कर अपने गांव लौट रहे थे। घटना मिर्जापुर रोड पर दर्शना एकेडमी के सामने हुई। मृतकों की पहचान सुलखनी गांव के रहने वाले बंटी, संदलाना गांव के राजकुमार और अमित के रूप में हुई है। तीनों के शव सिविल अस्पताल में रखवाए गए हैं।

प्रत्यक्षदर्शी कपूर सिंह ने बताया कि घटना के बाद लोगों ने युवकों को तड़पता देख पावर हाउस में फोन किया, लेकिन बिजली सप्लाई आधे घंटे बाद काटी गई। रात को गोगामेड़ी से चले थे- सिविल अस्पताल में मौजूद सुलखनी गांव के लोगों ने बताया कि बंटी, राजकुमार उर्फ राजू और अमित गोगामेड़ी के दर्शन करने के लिए गए थे। सोमवार रात को वह लौटते समय बधावड़ गांव में रुक गए। सुबह सभी सुलखनी गांव लौट रहे थे। इसी दौरान बधावड़ गांव का शमशेर भी इनके साथ बाइक पर चल दिया।






### ग्रामीण महिला उद्यमियों को पीएम मोदी की सौगात, अहम योजना का शुभारंभ; बैंक खातों में 105 करोड़ ट्रांसफर

## पीएम बोले- कांग्रेस-आरजेडी ने मेरी मां को गाली दी:यह देश की हर मां का अपमान

पीएम बोले- कांग्रेस-आरजेडी ने मेरी मां को गाली दी:यह देश की हर मां का अपमान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को बिहार की ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए एक अहम योजना की शुरुआत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि क्रेडिट को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड का उद्घाटन किया और 105 करोड़ रुपए की राशि का जीविका निधि में ट्रांसफर किया। इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए कहा कि बिहार की माताओं, बहनों और बेटियों को अवसरों की कमी न हो, इसके लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**पटना, एजेंसी।** बिहार के दरभंगा में 27 अगस्त को राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी की मां को गाली दी गई। 7वें दिन पीएम मोदी ने सामने आकर गाली देने का जवाब दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा, बिहार में कुछ दिन पहले जो कुछ हुआ उसकी मैंने कल्पना नहीं की थी। बिहार में कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गई। ये गालियां सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं ये देश की मां-बहन, बेटी का अपमान है।

पीएम ने कहा, इस घटना की जितनी पीड़ा मेरे दिल में है उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों के दिल में भी है। मैं आपसे अपना दुख साझा कर रहा हूं, ताकि मैं इस पीड़ा तो झेल पाऊं। प्रधानमंत्री ने दिल्ली से बिहार की जनता को वर्चुअली संबोधित करते हुए यह बात कही। वे बिहार राज्य जीविका निधि शाखा सहकारी संघ लिमिटेड की शुरुआत के कार्यक्रम में जुड़े थे। 36 मिनट के संबोधन में पीएम ने कहा, मैं गरीब परिवार से हूं। समाज और देश की सेवा में लगा हूं। मैंने हर दिन हर क्षण अपने देश के लिए, देशवासियों के लिए मेहनत की। इसमें मेरी मां का आशीर्वाद, मेरी मां की बहुत बड़ी भूमिका थी। मुझे जन्म देने वाली मां ने मुझे अपने दायित्वों से मुक्त कर दिया था।

**मेरी मां जो दुनिया में नहीं, उन्हें कांग्रेस-आरजेडी ने गालियां दीं :** पीएम ने कहा, मुझे आज इस बात की पीड़ा है। मां ने मुझे देश सेवा के लिए रवाना किया था। हर मां चाहती है कि बेटा बड़ा हो। मेरे लिए कुछ करे। मेरी मां ने ऐसा नहीं सोचा। उन्होंने मुझे आपके लिए भेजा।

**मां अपनी पीड़ा कभी नहीं कहती थी :** बारिश का मौसम आते ही मां घर को सही करवाती थी, ताकि छत ना टपके। मां बीमार हो फिर भी पता नहीं चलने देती थी। काम करती रहती थी। काम पर जाती थी।

मां कभी कठिनाइयों का पता नहीं चलने नहीं देती थी। वो अपने लिए कभी कोई नई साड़ी नहीं खरीदती थी। एक-एक पैसा बचाती थी, ताकि बच्चों के लिए कपड़े बनवा ले।

**मां का स्थान भगवान से पहले :** मां का स्थान देवी-देवताओं से ऊपर माना जाता है। बिहार के ही संस्कार हैं। माई के स्थान देवता से भी ऊपर होवेला। काही के आपन बाल बच्चा खातिर ऊ कोनो देवी नियर पोल पास के बड़ा करेली...माई के बिना कोनो जिंदगी ना बनप सकेला।

ये गालियां करोड़ों माताओं-बहनों को दी गई। ये शाही खानदानों में पैदा हुए युवराज इस पीड़ा को नहीं समझ सकते हैं। ये नामदार लोग सोने-चांदी के चम्मच लेकर पैदा हुए हैं।

ये बिहार के लोग और सत्ता को अपनी विरासत समझते हैं। इन्हें लगता है कुर्सी इन्हें ही मिलनी चाहिए। आपने एक गरीब मां के बेटे को इस लायक बना दिया ये बात नामदारों को पच नहीं रही है।

**नामदारों का काम गालियां देना :** गंदी नाली का कीड़ा, जहर वाला सांप, बिहार चुनाव में मुझे तू, तड़ाक कर के गाली देकर बोलते हैं। इनकी नामदार वाली सोच बार-बार उजागर होती है। इसी सोच से अब मेरी मां जिसका शरीर नहीं रहा। जिसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं। अपने मंच से गालियां दिलवा रहे हैं।

**कांग्रेस-राजद का अत्याचार नहीं सहेंगे :** आज से 20 दिन बाद नवरात्र शुरू होगी इसके बाद छठ मइया की पूजा होगा। छठ का पर्व मनाया जाएगा। भारत की धरती ने मां का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं किया है। मैं बिहार के लोगों से भी कहूंगा, इस अपमान की भरपाई बिहार के हर बेटे की जिम्मेदारी है। RJD और कांग्रेस के नेता जहां भी जाएं, जिस गली में भी जाएं।उन्हें चारों तरफ आवाज आनी चाहिए। उनसे जवाब मांगना चाहिए।

### सीएम बोले- हमने महिला सशक्तिकरण पर शुरू से जोर दिया

मौके पर सीएम नीतीश ने कहा, जीविका निधि का शुभारंभ किया जा रहा है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करता हूं। इससे जीविका दीदी को राशि मिलने में सुविधा होगी। राज्य सरकार ने इस काम के लिए 1000 करोड रुपए की स्वीकृति दी है। जिसमें से 105 हजार करोड़ की राशि जीविका दीदी के खाते में भेजी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, 24 नवंबर 2005 को जब हमारी सरकार बनी तो महिलाओं के लिए काम हुआ। उसके पहले वालों ने कोई कुछ काम नहीं किया। हमने महिला सशक्तिकरण पर शुरू से जोर दिया। साल 2013 से पुलिस में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। 2006 में हमने विश्व बैंक से लोन लेकर स्वंय सहायता समूह का गठन किया गया जिसका नाम हमने जीविका दिया।

### सेमीकॉन इंडिया-2025

## पीएम बोले- आर्थिक स्वार्थ से अर्थव्यवस्था में चुनौतियां आई

### भारतीय जीडीपी फिर भी 7.8प्रतिशत बढ़ी; एक दिन दुनिया कहेगी मेड इन इंडिया, ट्रस्टेड बाय वर्ल्ड




**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में सेमीकॉन इंडिया-2025 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, आज पूरी दुनिया भारत पर भरोसा करती है। दुनिया भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है। मोदी ने आगे कहा, एक तरफ जब दुनिया भर की इकोनॉमी में चिंताएं हैं। आर्थिक स्वार्थ से पैदा हुई चुनौतियां हैं। उस माहौल के बावजूद भारत ने इस साल के पहली तिमाही में 7.8% की ग्रोथ रेट हासिल करके दिखाया है। यह वृद्धि मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस, कृषि और निर्माण सहित हर सेक्टर दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत अब बैकएंड से निकलकर एक फुल-स्केल सेमीकंडक्टर राष्ट्र बनने की राह पर है। हम सभी निवेशकों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। वो दिन दूर नहीं, जब दुनिया कहेगी, डिजाइन्ड इन इंडिया, मेड इन इंडिया एंड ट्रस्टेड बाय वर्ल्ड। डिजाइन इन इंडिया और मेड इन इंडिया, यही भविष्य की पहचान होगी। पीएम ने कहा, सेमीकंडक्टर की दुनिया में कहा जाता है कि ऑयल ब्लैक गोल्ड था, लेकिन चिप्स डिजिटल डायमंड हैं। पिछली सदी में दुनिया का भविष्य तेल के कुएं से तय होता था, लेकिन 21वीं सदी की शक्ति एक छोटी सी चिप में सिमट गई है। यह चिप भले ही छोटी है, लेकिन इसमें दुनिया के विकास को गति देने की ताकत है।

# दो और पेंटेड स्टॉर्क, ब्लैक नेक्ड आइबिस के नमूने मिले पॉजिटिव, अनिश्चित काल के लिए बंद है चिड़ियाघर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (दिल्ली चिड़ियाघर) में रविवार को हुए परीक्षण में दो पेंटेड स्टॉर्क और दो ब्लैक-नेक्ड आइबिस के नमूने एवियन इन्फ्लूएंजा (एच5एन1) वायरस के लिए पॉजिटिव पाए गए। तीन पेंटेड स्टॉर्क और एक ब्लैक-नेक्ड आइबिस को उपचार के लिए बाड़े से अलग कर निगरानी में रखा गया है। अब तक जल पक्षी बाड़े में छह पेंटेड स्टॉर्क, दो ब्लैक-नेक्ड आइबिस और चार अन्य प्रवासी पक्षियों की मौत हो चुकी है। चिड़ियाघर प्रबंधन की ओर से एवियन इन्फ्लूएंजा एच5एन1 के प्रसार को रोकने के लिए गहन निगरानी और सख्त जैव-सुरक्षा उपाय लागू किए गए हैं। रविवार जल पक्षी बाड़े में किसी भी पक्षी या प्रवासी पक्षी की मृत्यु नहीं हुई है।



**दर्शकों के लिए अनिश्चितकाल के लिए बंद हैं चिड़ियाघर :** चिड़ियाघर में एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) की पुष्टि होने के बाद इसे बीते शनिवार से दर्शकों के लिए अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। यह कदम पेंटेड स्टॉर्क और ब्लैक-नेक्ड आइबिस की मौत के बाद लिया गया था, जिनके नमूनों में गुरुवार रात भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान की जांच में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई थी। चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू का यह तीसरा मामला है। इससे पहले 2016 और 2021 में भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बाघ, शेर और उनके शावकों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

**चिड़ियाघर में निगरानी और जैव-सुरक्षा उपाय बढ़ाए गए :** चिड़ियाघर के निदेशक डॉ. संजीत कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में निगरानी और जैव-सुरक्षा उपायों को बढ़ा दिया गया है। निगरानी दल दिन में दो बार परिसर का सर्वेक्षण कर रहे हैं, और अन्य दल प्रवासी पक्षियों के बाड़ों, तालाबों और चारागाहों की सफाई और कीटाणुशोधन कर रहे हैं। अब तक एवियन इन्फ्लूएंजा संक्रमण के कारण 12 पक्षियों की मौत हो गई है। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से जानवरों के स्वास्थ्य और व्यवहार पर नजर रखी जा रही है। कर्मचारियों को दस्ताने, मास्क, सुरक्षात्मक सूट और जूते के कवर उपलब्ध कराए गए हैं।

**बीमार पक्षियों को किया गया अलग :** तीन पेंटेड स्टॉर्क और एक काली गर्दन वाले आइबिस को उपचार के लिए अलग कर दिया गया है और वे निगरानी में हैं। रविवार तक, छह पेंटेड स्टॉर्क और दो काली गर्दन वाले आइबिस जलीय पक्षीशाला में मर चुके थे, जबकि चार प्रवासी पेंटेड स्टॉर्क तालाबों में मर चुके थे। अधिकारियों ने बताया कि दो पेंटेड स्टॉर्क और दो आइबिस के नमूनों में एच 5एन1 वायरस पाया गया। बीते बृहस्पतिवार को दो काली गर्दन वाले आइबिस की मौत हो गई और उनके नमूने राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान (एनआईएचएसएडी), भोपाल भेजे गए।

## टैरिफ का असर सीमित, मुख्य आर्थिक सलाहकार बोले- भारत की अर्थव्यवस्था में दिख रहा सकारात्मक संकेत

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था में कई सकारात्मक संकेत दिखाई दे रहे हैं, जो अमेरिका के टैरिफ से पड़ने वाले असर को संतुलित कर सकते हैं। उनका कहना है कि सरकार द्वारा उठाए गए कदम, जैसे प्रत्यक्ष करों में कटौती, जीएसटी सुधार और रोजगार आधारित प्रोत्साहन योजनाएं, आर्थिक मजबूती को सहारा दे रही हैं। नागेश्वरन ने कहा कि केंद्र सरकार ने कारोबार में सुगमता और ईमानदारी से व्यवसाय करने जैसे संरचनात्मक सुधारों पर जोर दिया है। इससे टैरिफ से जुड़ी अनिश्चितता कम होगी। उन्होंने बताया कि अगस्त महीने के आंकड़े भी अर्थव्यवस्था के मजबूत प्रदर्शन की ओर इशारा करते हैं। उनका मानना है कि भले ही अमेरिका के टैरिफ का असर बाहरी मांग और घरेलू उत्पादन पर कुछ हद तक पड़ेगा, लेकिन यह अस्थायी और सीमित होगा।सीईए ने बताया कि अप्रैल-जून तिमाही (वित्त वर्ष जीडीपी 7.8 प्रतिशत बढ़ी है, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही के 6.5 प्रतिशत की तुलना में ज्यादा है।

## दिल्ली में पकड़ी अवैध हथियार की फैक्टरी, भारी मात्रा में कच्चा माल जब्त; तीन गिरफ्तार, यूपी से कनेक्शन



**दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने एक अवैध हथियार फैक्टरी का पर्दाफाश किया है। डीसीपी उत्तरी दिल्ली राजा बंठिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सराय रोहिल्ला थाना पुलिस की टीम ने एक अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड़ किया और हथियारों का एक बड़ा जखीरा, कच्चा माल सहित, जब्त किया। छापेमारी के बाद टीम ने उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। 6 देसी पिस्तौल, 12 बिना स्क्रू वाली देसी पिस्तौलें और 250 से ज्यादा पिस्तौलों का कच्चा माल जब्त किया गया।

## दिहाड़ी पर नाबालिग से नशीले पदार्थ की तस्करी कराने पर दंपती गिरफ्तार, 500 रुपये रोजाना देते थे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच सौ रुपये देकर एक नाबालिग से नशीले पदार्थ की तस्करी करवाने वाले दंपती को रणहौला थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नाबालिग को भी पकड़ लिया है। इनके कब्जे से पुलिस ने 1084 ग्राम गांजा और 781 क्वार्टर अवैध शराब बरामद की है। पुलिस दंपती से पूछताछ कर धंधे में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान करने और उनकी धर पकड़ करने में जुटी है। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि 29 अगस्त की रात रणहौला थाना पुलिस बापरोला इलाके में गश्त कर रही थी। पुलिस ने बैरागी रोड सत्यम विहार फेज-2 के पास एक पुरुष और एक महिला को हाथों में पॉलीथीन बैग लेकर जाते देखा। पुलिस टीम को देखते ही दोनों तेजी से एक घर में घुस गए। सूचना पर थाने से अतिरिक्त पुलिस कर्मी महिला सदस्यों के साथ वहां पहुंची। पुलिस टीम ने घर खुलवाया। पुलिस ने सिद्धांत और उसकी पत्नी को हिरासत में लेकर पॉलीथिन की तलाशी ली। साथ ही घर में मौजूद नाबालिग से पूछताछ की। पॉलीथिन की तलाशी में 1084 ग्राम गांजा मिला। घर से पुलिस को 781 अवैध शराब की पेटियां मिली। पूछताछ में सिद्धांत ने बताया कि वह अपनी पत्नी और नाबालिग के साथ मिलकर गांजा और शराब के अवैध कारोबार में सक्रिय रूप से शामिल था। नाबालिग ने बताया कि दंपती पांच सौ रुपये की दैनिक मजदूरी देकर उनसे नशीली पदार्थों की तस्करी करवा रहे थे। पुलिस ने इनके खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम और आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## 13 की उम्र में पहली हत्या 16 में बन गया शातिर, नाबालिग ने खेला खूनी खेल; 2 को चाकू से गोदा, एक की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मालवीय नगर में खूनी खेल को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी नाबालिग है। 13 साल की उम्र में हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले 16 वर्षीय नाबालिग पर कत्ल, हत्या का प्रयास समेत पांच मामले दर्ज हैं। आरोपी नाबालिग ने रंजिश में चार युवकों की मदद से मौसेरे भाइयों पर चाकू से हमला कराया, जिसमें एक भाई की जान चली गई। हमले का मास्टर माइंड खुद की पिटाई का वीडियो दोनों मौसेरे भाइयों की ओर से इंस्टाग्राम में डाले जाने से नाराज था। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि अब तक मुख्य आरोपी सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

दिल्ली के मालवीय नगर में चार नाबालिगों ने दो मौसेरे भाई विवेक (19) और अमन (21 साल) पर शुक्रवार रात चाकुओं से हमला किया था। घटनास्थल पर चारों ओर खून ही खून बिखर गया। विवेक की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि अस्पताल में भर्ती अमन की हालत गंभीर है। पुलिस के आला अधिकारी ने बताया कि मालवीय नगर में दोनों भाइयों और मुख्य आरोपी का इंस्टाग्राम एकाउंट है। इस खूनी खेल का मुख्य आरोपी नाबालिग है और बदमाशी में पूरे मालवीय नगर में प्रसिद्ध है। करीब एक माह पहले विवेक ने अपने साथियों के साथ उसे पीट दिया था और इसका वीडियो इंस्टाग्राम पर डाल दिया था। वीडियो के वायरल होने पर नाबालिग की दादागिरी कम हो रही थी और उसकी बेइज्जती होने लगी थी। इससे नाराज होकर उसने दोनों भाइयों से बदला लेने का फैसला किया।

**जान जाने तक करते रहना है हमला:** पुलिस अधिकारियों के अनुसार मुख्य नाबालिग आरोपी ने चारों नाबालिगों को निर्देश दिए थे कि विवेक और अमन पर तब तक चाकुओं से हमला करना है जब तक मौत न हो जाए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार साजिश का आरोपी नाबालिग हाल में साथियों के साथ कांवड़ लेने गया था। इस दौरान वह हरिद्वार से छह धारदार चाकू लेकर आया था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि हर बार हरिद्वार से चाकू लेकर आता था।

## तीन साल में 6121 फ्लैट सौंपे, सुपरटेक का दावा; 15 हजार खरीदार अब भी कर रहे घर का इंतजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिवालियापन प्रक्रिया का सामना कर रही संकटग्रस्त रियल्टी फर्म सुपरटेक लिमिटेड ने पिछले तीन वर्षों में 6,121 फ्लैट अपने ग्राहकों को सौंपे हैं। कंपनी के पूर्व निदेशक आरके अरोड़ा ने बताया कि ये इकाइयां 16 निर्माणाधीन परियोजनाओं में राष्ट्रीय कंपनी कानून अधिकरण (एनसीएलटी) की ओर से नियुक्त रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल की देखरेख में सौंपी गई हैं। हालांकि, अभी भी 15,000 फ्लैट सौंपे जाने बाकी हैं।



25 मार्च 2022 को एनसीएलटी ने सुपरटेक लि. को कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) में भेजा था। इसके खिलाफ प्रमोटर ने राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय अधिकरण (एनसीएलएटी) में अपील दायर की। जून 2022 में एनसीएलएटी ने केवल इको विलेज-द्वद्ध परियोजना के लिए लेनदारों की समिति (सीओसी) गठित करने का निर्देश दिया, जबकि अन्य परियोजनाओं को पूर्व प्रबंधन द्वारा अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल (आईआरपी) की देखरेख में पूरा करने का आदेश दिया गया।

सोमवार को एक बयान में, सुपरटेक लि. के निलंबित बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष आरके अरोड़ा ने कहा कि कंपनी ने 10 जून, 2022 से रिवर्स दिवालियापन के दौरान 16 निर्माणाधीन परियोजनाओं में 6,121 फ्लैट सौंपे हैं। ये परियोजनाएं नोएडा, ग्रेटर नोएडा और मेरठ में हैं। यह उपलब्धि कंपनी के पूर्व प्रबंधन ने रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल की निगरानी में हासिल की है। अरोड़ा ने बताया कि कंपनी अगले तीन महीनों में 1,000 और फ्लैट सौंपने की योजना बना रही है।

**सुप्रीम कोर्ट में समाधान योजना पेश:** अरोड़ा ने बताया कि सुपरटेक और एपेक्स हाइट्स प्रा. लि. ने संयुक्त रूप से सुप्रीम कोर्ट में 16 निर्माणाधीन परियोजनाओं को सह-डेवलपर के रूप में पूरा करने के लिए एक समाधान योजना पेश की है। इस योजना के तहत, एपेक्स हाइट्स 12 महीनों में 500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। यह निवेश निर्माण कार्य पूरा करने, इकाइयां आवंटियों को सौंपने, और ऋणदाताओं व भूमि प्राधिकरणों को भुगतान करने के लिए होगा। दो वर्ष में परियोजनाएं पूरी करने का लक्ष्य : अरोड़ा ने कहा कि यदि सुप्रीम कोर्ट इस संयुक्त समाधान योजना को मंजूरी देता है।

## शाहदरा में महिला का फोन छीनने वाले दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के शाहदरा इलाके में महिला का मोबाइल फोन छीनने और भागते समय मोटरसाइकिल में टक्कर मारने के मामले में दो आरोपियों मोहम्मद राशिद उर्फ साहिल और फैसल को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वारदात के समय वे नशे की हालत में थे। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी पेशे से ड्राइवर हैं और उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। शाहदरा जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार महिला से मोबाइल छीनने की घटना 30 अगस्त को उस समय हुई जब शिकायतकर्ता रोशनी काम पर जा रही थीं। उसी दौरान सफेद रंग के स्कूटी पर सवार दो युवकों ने उनका फोन छीन लिया और भाग गए। शाहदरा के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि पीड़िता के शोर मचाने पर बाइक सवार ने आरोपियों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने उसकी बाइक में टक्कर मार दी और भागने में सफल हो गए। सीसीटीवी फुटेज की जांच में स्कूटी का नंबर सीलमपुर निवासी मोहम्मद नदीम अहमद के नाम पर पंजीकृत पाया गया। पूछताछ के दौरान नदीम ने बताया कि उसने स्कूटी अपने परिचित मोहम्मद राशिद को दी थी। इसके आधार पर न्यू सीलमपुर में छापा मारकर दोनों को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से महिला का मोबाइल फोन, सिम कार्ड और वारदात में प्रयुक्त स्कूटी भी बरामद की गई।

## ईसीए कोटा में दाखिले के लिए सावधानी बरतें डीयू के कॉलेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) से संबद्ध कॉलेजों को निर्देश दिया है कि वे खेल और अतिरिक्त गतिविधि (ईसीए) कोटा के तहत छात्रों के दाखिले में सावधानी बरतें और विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें। यह निर्देश 25 अगस्त को न्यायमूर्ति विकास महाजन की पीठ ने टेनिस खिलाड़ी की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया।

याचिका अदिति रावत नाम की एक छात्रा ने दायर की थी, जिन्होंने डीयू के हिंदू कॉलेज में खेल कोटा के तहत दाखिला मांगा था। सीबीएसई नेशनल्स में स्वर्ण पदक विजेता आदिति ने अपनी याचिका में हिंदू कॉलेज प्रशासन से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए खेल कोटा के तहत एक सीट आरक्षित करने की मांग की थी। हालांकि, सुनवाई के दौरान यह सामने आया कि उनको डीयू के लेडी श्री राम कॉलेज फॉर वीमेन में दाखिला मिल चुका है।

उनके वकील जीतेंद्र गुप्ता ने कोर्ट से अनुरोध किया कि भविष्य में डीयू से संबद्ध कॉलेजों को विश्वविद्यालय के सूचना बुलेटिन में दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए एक टिप्पणी आदेश में शामिल की जाए। बुलेटिन में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ईसीए और खेल कोटा के तहत 5 प्रतिशत सीटों को अनिवार्य रूप से आरक्षित करने का प्रावधान है। न्यायमूर्ति महाजन ने अपने आदेश में कहा, उपरोक्त तथ्यों को देखते हुए, यह अपेक्षा की जाती है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेज भविष्य में ईसीए और खेल कोटा के तहत सीटों के संबंध में विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करेंगे, जो शैक्षणिक सत्र 2025-26 के सूचना बुलेटिन के अनुसार अनिवार्य है।

## साइकिल पर प्रचार कर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में महज 17 दिन का समय शेष है। ऐसे में संभावित प्रत्याशी प्रचार के अलग-अलग तरीके अपना रहे हैं। प्रशासन की सख्ती और डूसू चुनाव को स्वच्छ व हरित बनाने में प्रत्याशी लगे हैं। इसी कड़ी में एबीवीपी के संभावित प्रत्याशियों ने सोमवार को प्रचार करने के लिए साइकिल का सहारा लिया। कैंपस को स्वच्छ व हरित बनाने के लिए एबीवीपी संभावित प्रत्याशियों ने कैंपस में साइकिल रैली निकाल कर प्रचार किया। यह रैली विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन से शुरू हुई और रामजस कॉलेज, हिन्दू कॉलेज, किरोड़ीमल कॉलेज व दौलत राम कॉलेज से होते हुए कला संकाय पर जाकर संपन्न हुई। एबीवीपी ने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण और पर्यावरण अनुकूल ही संपन्न होने चाहिए। एबीवीपी के सभी संभावित प्रत्याशी दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करते हुए चुनाव प्रचार विभिन्न कॉलेजों में कर रहे है और छात्रों से मिलकर उन्हें एबीवीपी-डूसू के कार्यों व उपलब्धियों से अवगत करा रहे हैं।

## बीजिंग में भव्य सैन्य परेड का आयोजन, पहली बार दिखे आधुनिक हथियार ,किम और पुतिन भी मौजूद

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन की राजधानी बीजिंग में मंगलवार को एक भव्य सैन्य परेड का आयोजन किया गया, जिसमें दुनिया के सामने मिसाइलें, लड़ाकू विमान और अन्य सैन्य हथियार दिखाए गए। इनमें से कई हथियारों का पहली बार सार्वजनिक रूप से प्रदर्शन किया गया है।



परेड के दौरान सैनिक कदमताल के साथ राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सामने से गुजरे। शी जिनपिंग कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के सर्वोच्च नेता हैं और साथ ही केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष के रूप में सेना की कमान भी संभालते हैं। यह परेड द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित की जा रही है। इस आयोजन में करीब दो दर्जन देशों के विदेशी नेता शामिल हो रहे हैं, जो बीजिंग के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना या बनाए रखना चाहते हैं।

चीन के सैन्य अधिकारियों ने बताया कि परेड में दिखाए गए ज्यादातर हथियार पहली बार आम जनता को दिखाए गए। इनमें जमीन, समुद्र और आकाश से चलने वाले रणनीतिक हथियार, आधुनिक और सटीक हमला करने वाले उपकरण और ड्रोन शामिल हैं। आसमान में युद्धक विमान और हेलिकॉप्टर एक साथ उड़ान भरते नजर आएंगे। 2019 के बाद यह चीन में पहली बड़ी सैन्य परेड है। 2019 में यह परेड सीपीसी की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ पर आयोजित की गई थी। इस बार की परेड द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति को याद करने के लिए की जा रही है। इस युद्ध ने चीन को बुरी तरह प्रभावित किया था। इस परेड का मकसद देश के नागरिकों में गर्व और आत्मविश्वास पैदा करना है और यह दिखाना है कि देश किसी भी हमले से निपटने में सक्षम है।

हालांकि, चीन की बढ़ती सैन्य ताकत उसके एशियाई पड़ोसियों और अमेरिका के लिए चिंता का विषय भी बनी हुई है।

अमेरिका और पश्चिमी देशों के राष्ट्राध्यक्ष इस परेड से दूर हैं। जापान, भारत और दक्षिण कोरिया के नेता भी इसमें शामिल नहीं हो रहे हैं। उत्तर कोरिया के किम जोंग उन छह साल के बाद चीन में इस तरह के आयोजन में हिस्सा ले रहे हैं। उनके साथ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ईरान के राष्ट्रपति भी शामिल हो रहे हैं। दक्षिण पूर्व एशिया के कुछ देशों के नेता भी इसमें शामिल हो रहे हैं। हालांकि, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने देश में विरोध प्रदर्शनों के चलते अपनी यात्रा रद्द कर दी है।11

## अफगानिस्तान में भूकंप से मरने वालों की संख्या 900 पहुंची, 3000 घायल, बचाव अभियान जारी



**जलालाबाद, एजेंसी।** अफगानिस्तान के पूर्वी इलाके में आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 900 हो गया है। मंगलवार को एक अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में अब तक करीब 3,000 लोग घायल हुए हैं, और राहत टीमें मलबे के नीचे फंसे लोगों को निकालने में जुटी हैं। यह विनाशकारी भूकंप रविवार देर रात आया था और इसकी तीव्रता 6.0 मापी गई थी। यह भूकंप एक पहाड़ी क्षेत्र में आया था, जिससे कई गांवों में घर पूरी तरह ढह गए और लोग घंटों तक मलबे के नीचे दबे रहे। अफगानिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता यूसुफ हम्माद ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया, घायलों को निकाला जा रहा है, इसलिए यह आंकड़े अभी और भी बदल सकते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ इलाकों में भूकंप के कारण भूस्खलन हुआ जिससे सड़कें बंद हो गई थीं। हालांकि अब कई सड़कों को फिर से खोल दिया गया है। 77 और बाकी रास्तों को भी जल्द खोलने की कोशिश की जा रही है।

ताकि उन इलाकों तक पहुंचा जा सके जहां जाना अब भी मुश्किल है।

## सूडान में भूस्खलन, 1000 लोगों के मारे जाने की आशंका, दारफुर का पूरा गांव तबाह

**सूडान, एजेंसी।** के पश्चिमी क्षेत्र दारफुर में भूस्खलन के कारण 1000 लोगों के मारे जाने की खबर है। इस देश पर नियंत्रण रखने वाले विद्रोही समूह- सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने सोमवार को बताया कि कई दिनों की भारी बारिश के बाद तरासिन गांव में रविवार को भूस्खलन हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये गांव मध्य दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच है। इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा है। गांव में रहने वाले लगभग सभी लोगों की मौत सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तरासिन गांव में रहने वाले लगभग सभी लोगों की मौत हो चुकी है। केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा है। अनुमान है कि लगभग एक हजार लोग मारे गए हैं। गांव पूरी तरह से तबाह हो चुका है।




शवों को बरामद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र से लगाई गुहार राहत और बचाव कार्य चलाने में मदद और मलबे के नीचे दबे शवों को बरामद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों से गुहार लगाई गई है। स्थानीय मीडिया द्वारा एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें दिखाया गया है कि पहाड़ों के बीच पूरा इलाका समतल हो गया है और लोग वहां मलबे में तलाश कर रहे हैं।

2023 से सेना और आरएसएफ के बीच जारी है लड़ाई यह आपदा ऐसे समय में आई है, जब सूडान पहले से ही भयानक गृहयुद्ध से जूझ रहा है। अप्रैल 2023 से देश की सेना और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच राजधानी खार्तूम समेत कई जगहों पर लड़ाई छिड़ी हुई है। सेना और आरएसएफ के बीच लड़ाई के कारण मर्राह पर्वत समेत दारफुर क्षेत्र का अधिकांश भाग संयुक्त राष्ट्र और सहायता समूहों की पहुंच से बाहर है। हजारों विस्थापित परिवारों ने मर्राह पहाड़ियों में ली है शरण0 मर्राह पर्वत क्षेत्र में स्थित सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी, दारफुर और कोर्डोफन में सक्रिय कई विद्रोही संगठनों में से एक है। यह मौजूदा गृहयुद्ध में किसी भी पक्ष के साथ नहीं है। मर्राह पहाड़ियां 160 किलोमीटर लंबी ज्वालामुखीय पर्वत शृंखला हैं, जो अल-फशर के दक्षिण-पश्चिम में फैली हुई हैं। यह क्षेत्र राजधानी खार्तूम से करीब 900 किलोमीटर दूर है और संघर्ष से विस्थापित हजारों परिवार यहां शरण ले चुके हैं। संघर्ष में अब तक 40 हजार से ज्यादा लोगों की हो चुकी मौत, सूडान में इस संघर्ष में अब तक 40,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, और 1.4 करोड़ से ज्यादा लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। देश के कई हिस्सों में अकाल जैसी स्थिति है, जिसके कारण लोगों को जिंदा रहने के लिए घास खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, इस संघर्ष में जातीय हिंसा, नरसंहार और दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने भी युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांच शुरू कर दी है।

### आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिलास्तरीय कार्यशाला आयोजित

# जनजातीय परिवारों को सशक्त करने प्रदेश में बनेगा तीन लाख आदि कर्मयोगियों का समर्पित संवर्ग

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 02 अक्टूबर 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया था। केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा इस अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री श्री मोदी के मिशन अनुरूप आदि कर्मयोगी अभियान प्रारंभ किया गया है। आदि कर्मयोगी एक राष्ट्रीय मिशन है। इसमें जमीनी स्तर पर शासन-प्रशासन तंत्र तथा सेवाओं को जनजातीय परिवारों के हित में मजबूत बनाया जायेगा। इस अभियान से देश में 20 लाख जिला अधिकारियों एवं अन्य हितधारकों का एक कैडर विकसित हो रहा है। इसमें मध्यप्रदेश के तीन लाख आदि कर्मयोगी शामिल हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आदि कर्मयोगी अभियान में मध्यप्रदेश में विशेषज्ञ संस्था भारत ग्रामीण आजीविका फाउंडेशन - बी.आर.एल.एफ द्वारा आदि कर्मयोगियों को राज्य, जिला, विकासखंड और ग्राम स्तरीय प्रशिक्षण देकर मास्टर ट्रेनर तैयार किये जा रहे हैं। आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभागार में किया गया।



कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जिलास्तरीय अधिकारियों को अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना तथा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में अधोसंरचना विकास के लिए कार्यवाहियां की गई हैं। अब जनजातीय परिवारों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस अभियान का क्रियान्वयन किया आ रहा है। यह अभियान केन्द्र से लेकर विकासखंड स्तर तक जनजातीय विकास के संपूर्ण दृष्टिकोण को बढ़ावा देने और सार्वजनिक संस्थानों में विश्वास बढ़ाने का कार्य करेगा। आदि कर्मयोगी अभियान में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, ग्रामीण विकास, वन, पंचायती राज विभाग और जल जीवन मिशन शामिल हैं। अभियान अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए ग्राम स्तर पर अपेक्षित परिणामों में मुख्य रूप से महत्वपूर्ण सेवाओं जैसे - आवास, सड़क, पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य में सौ प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना है।

कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में जनजातीय परिवारों को सशक्त बनाने और प्रत्येक परिवार को योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रदेश में तीन लाख ''आदि कर्मयोगियों'' का समर्पित संवर्ग तैयार किया जा रहा है। इससे 41 जिलों के 11 हजार 294 जनजातीय बहुल गांवों में रह रहे परिवारों को लाभ होगा। इसका उद्देश्य जनजातीय कल्याण के लिए उत्तरदायी, पारदर्शी और जवाबदेह शासन को बढ़ावा देना है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि विकसित भारत के निर्माण में जनजातीय परिवारों की समान भागीदारी हो।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार आदि कर्मयोगी अभियान में शासकीय अधिकारी ''आदि कर्मयोगी'' के रूप में, युवा नेता, शिक्षक, डॉक्टर, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनजातीय कार्यों में रूचि रखने वाले प्रतिबद्ध लोग ''आदि सहयोगी'' के रूप में और स्व-सहायता समूह, जनजातीय नेता, स्वयंसेवक, सांस्कृतिक कार्यकर्ता, गांव के निवासी ''आदि साथी'' के रूप में जुड़ सकते हैं। आदि कर्मयोगी अभियान के प्रथम चरण में देश के 27 राज्यों के 326 जिलों को शामिल किया गया है। इसमें मध्यप्रदेश के 41 जिले शामिल हैं।

जनजातीय बहुल गांव अब नया परिवर्तन अनुभव करने के लिए तैयार हो रहे हैं। सड़क संपर्क, पक्के मकान, पेयजल, घरेलू बिजली, आयुष्यमान भारत, डिजिटल सेवा जैसी सेवाओं से जनजातीय परिवार अब वंचित नहीं रहेंगे। प्रदेश में आदि सेवा केन्द्र बनाने की भी तैयारी है, जहां शिकायत निवारण रजिस्टर, नोडल अधिकारियों के संपर्क नम्बर और ग्राम के विकास का विजन तैयार करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया जायेगा।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 176 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 176 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, अपर कलेक्टर बी पी पाण्डेय सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

## कुसमी के सरकारी स्कूल में जलभराव, आधे घंटे की बारिश से परिसर बना तालाब; बच्चों को पानी में लेना पड़ा मिड-डे मील

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** जिले के कुसमी ब्लॉक में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाड़ीझिरिया में मंगलवार को एक असामान्य स्थिति देखने को मिली। सुबह हुई महज आधे घंटे की बारिश ने स्कूल परिसर को जलमग्न कर दिया। कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को इस स्थिति में पढ़ाई करने के साथ-साथ मध्याह्न भोजन के लिए भी पानी से होकर गुजरना पड़ा। छात्रों के अभिभावकों ने इस समस्या की शिकायत संकुल केंद्र टमसार में दर्ज कराई है।



अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय में नियमित सफाई न होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। बारिश का पानी सीधे कक्षाओं और आंगन में जमा हो गया। एक अभिभावक रामराज साकेत ने बताया कि स्कूल में लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। इससे बच्चों के स्वास्थ्य को खतरा है।

पानी निकासी के निर्देश दिए

कुसमी के बीआरसीसी अंगिरा प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि शिकायत मिलते ही पानी निकासी के लिए तत्काल निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए स्थिति पर नजर रखने की बात कही है। स्कूल के शिक्षकों ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## रात में टॉर्च लेकर खाद कालाबाजारी रोकने पहुंचे नायब तहसीलदार

### 132 बोरी डीएपी और 20 बोरी यूरिया जब्त, दो समितियों के प्रबंधक सस्पेंड

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल ( निप्र )।** खाद की किल्लत और कालाबाजारी थमने का नाम नहीं ले रही है। बड़े पैमाने पर अवैध भंडारण और ब्लैक मार्केटिंग सामने आ रही है। इसी क्रम में सोमवार रात ब्यौहारी नायब तहसीलदार ने टार्च की रोशनी में ग्राम पपौंध स्थित अनन्या इंटरप्राइज से 132 बोरी डीएपी और 20 बोरी यूरिया जब्त की। नायब तहसीलदार सनी द्विवेदी और कृषि विकास अधिकारी अभिषेक तिवारी ने छापा मार कार्रवाई की।



**यहां पर हो चुकी कार्रवाई:** सिर्फ प्राइवेट दुकानों में ही नहीं, बल्कि सहकारी समितियों में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी पकड़ी गई है। अभी हाल ही में जैतपुर समिति प्रबंधक यमुना प्रसाद मिश्र ने बिना अधिकृत किसानों को 346 बोरी यूरिया बांट दिया। निरीक्षण में 254 बोरी खाद एक निजी दुकान पर मिली, बाकी ब्लैक में बेची जा चुकी थी। इसी प्रकार टिहकी समिति (जयसिंहनगर) यहां प्रबंधक राजेश अवस्थी ने 251 बोरी यूरिया बिना पंजीकृत किसानों को बांट दी। पीओएस मशीन का उपयोग ही नहीं किया गया और भौतिक निरीक्षण में गोदाम खाली मिला था। दोनों मामलों में कलेक्टर ने प्रबंधकों को तत्काल निलंबित कर केंद्रीय सहकारी बैंक शहडोल में अटैच कर दिया था।

**जैतपुर का वीडियो आया सामने:** जैतपुर के चनौडी में अधिक दामों में खाद की बिक्री की जा रही है। जिसका एक वीडियो भी सामने आया था। लोगों ने कार्रवाई की मांग की, लेकिन अब तक एक्शन ना हो सकी है। वहीं ब्यौहारी के पपौंध में खाद की कालाबाजारी का मामला सामने आने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मामले से अधिकारियों को अवगत कराया और फिर प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंच कार्रवाई की है।

**छिपाकर रखा था खाद:** नायब तहसीलदार सनी द्विवेदी ने बताया गया कि दुकान में अवैध तरीके से खाद छिपाकर रखा गया था। मौके से जब्त खाद पर प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिक दामों में यहां से खाद बिक्री का कार्य किया जा रहा था। तभी लोगों की शिकायत के बाद कार्रवाई की है।

## बकहो तालाब से मिला लापता शव, पहचान के लिए आसपास के थानों में भेजी तस्वीर

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल ( निप्र )।** अमलाई थाना क्षेत्र स्थित बकहो तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। स्थानीय लोगों ने मंगलवार सुबह तालाब में शव देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के अनुसार शव करीब पांच दिन पुराना है। मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष आंकी गई है। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाया।



थाना प्रभारी जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। मृतक की पहचान के लिए आसपास के थानों और चौकियों में सूचना भेजी गई है। पुलिस अमलाई और पड़ोसी थाना क्षेत्रों में लापता व्यक्तियों की जानकारी जुटा रही है।

पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। मृतक की पहचान होने पर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस ने मृतक की तस्वीर आसपास के जिलों में भी भेजी है।

## सिंगरौली में व्यापारी के 6 ठिकानों पर छापा

### जीएसटी और ईओडब्यू की टीम कर सलाहकार के यहां भी जांच कर रही

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली ( निप्र )।** जिले में जीएसटी और ईओडब्यू की संयुक्त टीम ने कारोबारी साधु शरण के 6 प्रतिष्ठानों और एक कर सलाहकार के यहां छापेमारी की। इस कार्रवाई में सतना, रीवा और सिंगरौली की टीमों के 22 सदस्य शामिल हैं। साधु शरण सिंगरौली ट्रेडर्स के संचालक हैं। उनके नौगढ़ इलाके में सीमेंट-सरिया की फर्म, आटा मिल प्लांट और किसान सहायता केंद्र के नाम से खाद-बीज का कारोबार है।




टीम ने उनके कर सलाहकार अनिल कुमार शाह के यहां भी छापेमारी की। अनिल कुमार शाह सिंगरौली ट्रेडर्स का सारा जीएसटी और टैक्स से जुड़ा काम देखते थे। अधिकारियों ने अभी कार्रवाई के कारणों का खुलासा नहीं किया है। हालांकि, जीएसटी से संबंधित कागजों में हेराफेरी की आशंका है।

ईओडब्यू की टीम की मौजूदगी से वित्तीय गड़बड़ी की संभावना भी जताई जा रही है। टीम ने कर सलाहकार के यहां से कागजात जब्त किए हैं। माना जा रहा है कि शाम तक टैक्स चोरी का खुलासा हो सकता है।

## केलमनीया डैम में शराब पीते वक्त युवक डूबा, मौत

### 2 साथी मौके से फरार, साथियों के भागते समय का ग्रामीणों ने बनाया वीडियो

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल ( निप्र )।** केलमनीया डैम में मंगलवार सुबह एक युवक का शव मिला। सोमवार शाम को तीन युवक डैम किनारे शराब पी रहे थे। इसी दौरान एक युवक डैम में गिर गया। उसके दो साथी बाइक लेकर मौके से फरार हो गए। आसपास मछली पकड़ रहे लोगों ने घटना देखी। उन्होंने युवक के साथियों को आवाज लगाई। लेकिन दोनों युवक नहीं रुके। एक ग्रामीण ने भागते समय उनका वीडियो बना लिया। ये वीडियो अब सामने आया है।



**मृतक की नहीं हुई शिनाख्त:** सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीईआरएफ की टीम को बुलाया गया। रात होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन सफल नहीं हो पाया। मंगलवार सुबह फिर से रेस्क्यू शुरू किया गया, जिसमें युवक का शव बरामद हुआ। मृतक के पास से कोई पहचान पत्र या मोबाइल नहीं मिला है। पुलिस वीडियो के आधार पर फरार हुए दोनों युवकों की तलाश कर रही है। एक मछुआरे ने बताया कि तीनों युवक बाइक से आए थे। शराब पीने के दौरान एक साथी के डूबने के बाद दोनों युवक बाइक लेकर भाग गए।

**बाइक लेकर भागते दिखे साथी:** थाना प्रभारी सिंहपुर एमएल रागडाले ने बताया कि सोमवार शाम तकरीबन 5 बजे ग्रामीणों ने पुलिस को एक सूचना दी। उन्होंने बताया कि बाइक में सवार होकर तीन लोग डैम पहुंचे थे और पास में बैठकर शराब पी रहे थे।

## उप संचालक कृषि कार्यालय में यूरिया की कालाबजारी एवं अधिक मूल्य पर बिक्री की शिकायतों पर समीक्षा बैठक

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** उपसंचालक कृषि डॉ. राजेश सिंह चौहान की अध्यक्षता में जिले के सभी उर्वरक व्यापारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से यूरिया की कालाबाजारी एवं अधिक मूल्य पर बिक्री की शिकायतों पर चर्चा की गई। उपसंचालक कृषि ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को उर्वरक शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही उपलब्ध कराया जाए। किसी भी व्यापारी द्वारा यूरिया या अन्य उर्वरक निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बेचने या कालाबाजारी करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में व्यापारियों से कहा गया कि वे पारदर्शी ढंग से उर्वरक वितरण करें तथा स्टॉक एवं बिक्री का दैनिक विवरण पोर्टल पर दर्ज करें। किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराते समय रसीद देना अनिवार्य होगा। उपसंचालक कृषि ने यह भी निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित विक्रेता का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा तथा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी व्यापारियों से किसानों के हित को सर्वोपरि मानते हुए सहयोग करने की अपील की। किसानों से अपील की कि वे घबराएँ नहीं, जिले में पर्याप्त मात्रा में यूरिया का भण्डारण किया जा रहा है। किसान भाईयों से अनुरोध है कि तरल यूरिया का अधिक से अधिक उपयोग करें, जिसकी 500 मि.ली. की एक बोतल 45 कि.लो. की बोरी के बराबर असरदार है जिसे 200 ली. पानी में घोलकर एक हेक्टेयर फसल में छिड़काव करें।

# मातृ मृत्यु समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बबिता खरे के निर्देशन में जिले में दिनांक 1 सितंबर 2025 सोमवार को डॉ सुनीता तिवारी, डीएचओ 1, नरेंद्र पटेल डीसीएम और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ नागेंद्र बिहारी दुबे की उपस्थिति में मातृ मृत्यु की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सिहावल, रामपुर, और मझौली ब्लॉक की सभी मातृ मृत्यु की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में तीनों ब्लॉक के सीबीएमओ, बीसीएम, मैटरनल हेल्थ कोऑर्डिनेटर, कम्युनिटी हैल्थ ऑफिसर, आशा कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, डीईओ, और हितग्राही के परिजन शामिल थे।




बैठक में रिकॉर्ड संधारण की पुष्टि की गई और पाई गई कमियों में नोटिस जारी किया गया। सभी आशा, एएनएम, और आशा पर्यवेक्षक को गंभीरता से काम करने की हिदायत दी गई। हितग्राही का जननी सुरक्षा योजना के तहत भुगतान और नवजात का टीकाकरण की समीक्षा भी की गई। स्टोर कीपर को बुलाकर औषधि और सामग्री भंडारण और वितरण की समीक्षा की गई। सभी मैटरनल डेथ का पोर्टल अपडेशन और अनमोल 2.0 को क्रॉस चेक किया गया।

बताया गया कि सिहावल की 7, रामपुर नैकिन की 2, और मझौली की 3, इस तरह कुल 12 मातृ मृत्यु की समीक्षा की गई। सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को भविष्य में बेहतर काम करने के लिए समझाइश दी गई और मातृ मृत्यु को रोकने के लिए उपायों पर चर्चा की गई।

## एक बगिया मां के नाम अभियान की वृहद समीक्षा बैठक का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** जिला पंचायत सभागार में मंगलवार को ष्एक बगिया मां के नामष् अभियान की समीक्षा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज के द्वारा की गई। समीक्षा में हितग्राहियों की संख्या बढ़ाने, मृदा परीक्षण करवाकर मृदा की गुणवत्ता अनुसार पौधा रोपण करने, चयनित हितग्राहियों की बगिया में समयसीमा के भीतर पौधरोपण करने, जिन हितग्राहियों को अग्रिम राशि की आवश्यकता है उन्हें सीएलएफसे लोन दिलाने प्रमुख निर्देश दिए गए।



बैठक में प्रमुख रूप से कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जिला परियोजना प्रबन्धक एसआरएलएम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त, परियोजना अधिकारी मनरेगा, सहायक यंत्री, लेखाधिकारी, एपीओ, सहायक लेखाधिकारी, उपयंत्री समस्त जनपद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)**

//निविदा सूचना //

क्रमांक 818/ई-टेंडर/विद्युत/न.पा.नि./2025 रीवा, दिनांक 02.09.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_431149_2 02.09.2025 (SECOND CALL) 703/16.06.2025 | नगर पालिका निगम रीवा के नवीन परिषद कार्यालय में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु 10KVA का UPS प्रदाय करने एवं लगाने का कार्य। | 01 माह ₹3.66 लाख | ₹2000.00 ₹3660.00 | 10.09.2025 18:00 बजे तक। |

**नोट:** - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री ( विद्युत )**
**नगर पालिक निगम**
**रीवा ( म.प्र. )**

## संपादकीय

### स्थानीय निकायों पर निगाह, आवारा कुत्तों की समस्या कैसे होगी खत्म?

अपने देश में आवारा कुत्तों के काटने और लोगों के रैबीज से ग्रस्त होने के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार देश में प्रतिवर्ष रैबीज से संक्रमित कुत्तों के काटने के कारण मरने वालों की संख्या 18 से 20 हजार के बीच है और स्पष्ट है कि यह सही संख्या नहीं है क्योंकि न जाने कितने मामले दर्ज ही नहीं होते।

यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य था कि आवारा कुत्तों की समस्या के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट के संशोधित अंतरिम फैसले के बाद केंद्र सरकार भी अपने स्तर पर सक्रियता दिखाती। उसने सभी राज्यों को 70 प्रतिशत आवारा कुत्तों की नसबंदी और उनके टीकाकरण का जो निर्देश दिया, वह समय की मांग है। केंद्र सरकार ने यह निर्देश देते हुए राज्यों को वित्तीय मदद देने का भी आश्वासन दिया है और हर माह आवारा कुत्तों के बंध्याकरण और टीकाकरण की प्रगति रिपोर्ट लेने की भी पहल की है।

स्पष्ट है कि अब राज्य सरकारों को इस मामले में गंभीरता का परिचय देना होगा। इसका सीधा अर्थ है कि स्थानीय निकायों को अपने हिस्से की जिम्मेदारी का निर्वाह करना होगा। यह किसी से छिपा नहीं कि आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान करने के मामले में स्थानीय निकाय एक बड़ी हद तक अक्षम और असफल ही साबित हुए हैं। इसी कारण इस समस्या ने इतना गंभीर रूप लिया।

अपने देश में आवारा कुत्तों के काटने और लोगों के रैबीज से ग्रस्त होने के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार देश में प्रतिवर्ष रैबीज से संक्रमित कुत्तों के काटने के कारण मरने वालों की संख्या 18 से 20 हजार के बीच है और स्पष्ट है कि यह सही संख्या नहीं है, क्योंकि न जाने कितने मामले दर्ज ही नहीं होते। क्या यह सामान्य बात है कि प्रतिवर्ष 18 से 20 हजार लोग रैबीज से ग्रस्त होकर मर जाएं? ध्यान रहे कि इनमें एक बड़ी संख्या बच्चों और किशोरों की होती है।

समझना कठिन है कि आवारा कुत्तों के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट के संशोधित आदेश पर कुछ कथित पशु प्रेमी लोग और संगठन असंतोष क्यों व्यक्त कर रहे हैं? असंतोष तो उन्हें व्यक्त करना चाहिए जो इससे चिंतित हैं कि क्या देश भर के नगर निकाय आवारा कुत्तों का बंध्याकरण और टीकाकरण कर पाएंगे?

इससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि क्या वे आक्रामक और रैबीज ग्रस्त कुत्तों को आश्रयगृहों में रख पाएंगे? यह एक तथ्य है कि देश के महानगरों तक में पर्याप्त संख्या में आवारा कुत्तों के लिए आश्रयगृह नहीं हैं। यह ठीक है कि अधिकांश स्थानीय निकाय वित्तीय कठिनाइयों से दो चार हैं और संख्याबल के अभाव से भी ग्रस्त हैं, लेकिन ज्यादा बड़ी समस्या उनकी ओर से अपने हिस्से की किसी भी जिम्मेदारी के निर्वहन में ढिलाई बरतना है। इसी कारण हमारे छोटे-बड़े शहर अनेक समस्याओं से ग्रस्त हैं। इनमें से एक समस्या आवारा कुत्तों के आतंक की भी है। यदि राज्य सरकारों ने स्थानीय निकायों को जवाबदेह नहीं बनाया तो भारत 2030 तक कुत्तों से होने वाले रैबीज के खात्मे के अपने लक्ष्य को पाने में नाकाम ही रहेगा।

# मोदी सरकार में डिजिटल इंडिया की इस उपलधि को सराहा जाना जरूरी है

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



भारत के डिजिटल सफर में एक नया मील का पत्थर जुड़ चुका है। जब कई राज्य सरकारें अब भी अपनी योजनाओं और सेवाओं को एक मंच पर लाने के लिए संघर्ष करती दिखती हैं, तब केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है, जिसने नागरिक सेवाओं को पूरी तरह डिजिटल, सरल और सुलभ बना दिया है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (एनईजीडी) ने डिजिलॉकर और ई-डिस्ट्रिक्ट प्लेटफॉर्म को जोड़ते हुए 1900 से अधिक सरकारी सेवाओं का अखिल भारतीय स्तर पर एकीकरण कर दिया, जो निश्चित ही किसी चमत्कार से कम नहीं है। यह कदम न केवल समय और ऊर्जा की बचत करेगा बल्कि भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगाएगा। जब नागरिक सीधे ऑनलाइन सेवाओं तक पहुंच सकते हैं तो बिचौलियों की भूमिका स्वतः समाप्त हो जाएगी।

वस्तुतः आज इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि अब देश का हर नागरिक कहीं भी, कभी भी अपनी आवश्यक सेवाओं तक आसानी से पहुंच सकेगा, बिना किसी भटकाव या अतिरिक्त प्रक्रियाओं के अपने हाथ में थामें मोबाइल फोन के सहारे। यह न केवल सुविधा का प्रश्न है बल्कि सुशासन और पारदर्शिता की दिशा में एक ठोस कदम भी है। इस पहल से नागरिकों का जीवन सरल होगा, उन्हें अपने दस्तावेजों और योजनाओं से जुड़ी जानकारी के लिए अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

देखा जाए तो डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का मूल उद्देश्य नागरिकों को सशक्त बनाना और शासन को पारदर्शी बनाना है। यह पहल उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री मोदी का विजन हमेशा से यही रहा है कि तकनीक का उपयोग केवल सुविधाजनक साधन के रूप में न होकर, यह नागरिकों के अधिकारों और सुविधाओं का सशक्तिकरण भी करे। ई-गवर्नेंस सेवाओं का यह राष्ट्रीय स्तर पर एकीकरण बताता है कि केंद्र सरकार किस तरह से प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए नागरिकों को सीधे और सरल रूप से शासन से जोड़ने का प्रयास कर रही है।

**सेवाओं का राष्ट्रीय स्तर पर एकीकरण:** वस्तुतः इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के अंतर्गत आने वाले एनईजीडी ने यह सुनिश्चित किया है कि सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नागरिक अब एक ही प्लेटफॉर्म से तमाम सेवाओं का लाभ ले सकें। इसमें प्रमाण-पत्रों का निर्गमन, कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ, सुविधा केंद्रों के माध्यम से भुगतान और अन्य प्रशासनिक सेवाएं शामिल हैं। इससे शासन व्यवस्था में न केवल तेजी आएगी बल्कि दक्षता और पारदर्शिता भी बढ़ेगी। डिजिटल इंडिया का यह कदम सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। कागज रहित और गतिशील प्रशासन की दिशा में यह प्रयोग भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए और भी प्रासंगिक हो गया है।

इस एकीकरण ने राज्यों के बीच डिजिटल सेवाओं की संख्या को लेकर एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण भी तैयार किया है। महाराष्ट्र इस मामले में सबसे आगे है, जहां नागरिकों के लिए 254 सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके बाद दिल्ली 123 सेवाओं के साथ दूसरे स्थान पर है, कर्नाटक 113 सेवाओं के साथ तीसरे पर, असम 102 सेवाओं के साथ चौथे पर और उत्तर प्रदेश 86 सेवाओं के साथ पांचवें स्थान पर है।

केरल और जम्मू-कश्मीर प्रत्येक 77 सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, आंध्र प्रदेश में 76, गुजरात में 64, तमिलनाडु और गोवा में 63-63 सेवाएं, हरियाणा में 60 और हिमाचल प्रदेश में 58 सेवाएं उपलब्ध हैं। कुल मिलाकर इस समय 1,938 सेवाएं देशभर के नागरिकों के लिए उपलब्ध हो चुकी हैं। यह संख्या आने वाले समय में और बढ़ेगी, क्योंकि एनईजीडी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी नई तकनीकों को अपनाकर इस पोर्टफोलियो का विस्तार करने की योजना बना रहा है।

डिजिलॉकरः नागरिकों की डिजिटल तिजोरी

डिजिलॉकर, जिसे डिजिलॉकर डॉट जीओवी डॉट इन (ड्डद्धद्बद्यशष्द्मद्गह्र.द्दश1.द्बठ्ठ) के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है। इस पूरी व्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है। यह प्लेटफॉर्म न केवल डिजिटल दस्तावेजों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि अंतर-संचालनीयता और डेटा गोपनीयता की चुनौतियों का समाधान भी करता है। नागरिक अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, शैक्षणिक प्रमाणपत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज सुरक्षित रूप से डिजिलॉकर में रख सकते हैं।

अब यदि किसी को राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी या प्रमाण-पत्र चाहिए, तो वे सीधे इस वेबसाइट पर जाकर अपनी आवश्यक सेवाओं तक पहुंच सकते हैं। इससे नागरिकों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी और सेवा वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि यह उपलब्धि नागरिकों के जीवन में प्रत्यक्ष परिवर्तन लाने वाली है। अब किसी छात्र को कॉलेज में दाखिले के लिए प्रमाणपत्र की आवश्यकता हो या किसान को किसी कल्याणकारी योजना का लाभ लेना हो, या किसी कर्मचारी को वेतन पर्ची की जरूरत हो, सब कुछ एक क्लिक में उपलब्ध होगा। डिजिलॉकर डॉट जीओवी डॉट इन के जरिए यह सुनिश्चित हो गया है कि सरकारी सेवाएं नागरिकों की मुट्ठी में हैं।

फिलहाल जो जानकारी इस संबंध में सामने आ रही है, वह यही बताती है कि एनईजीडी अब इस सफलता के आधार पर और आगे बढ़ने की योजना बना रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित समाधानों को अपनाकर सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। राज्य स्तर पर संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाओं के माध्यम से नागरिकों को और अधिक जागरूक किया जाएगा, ताकि हर नागरिक इन सेवाओं का अधिकतम लाभ उठा सके। साथ ही, नई प्रौद्योगिकियों को अपनाकर सेवाओं को और तेज, सुरक्षित तथा समावेशी बनाया जाएगा।

वास्तव में आज इस बड़ी उपलब्धि पर यही कहना होगा कि डिजिलॉकर और ई-डिस्ट्रिक्ट प्लेटफॉर्म का एकीकरण यह साबित करता है कि केंद्र सरकार का डिजिटल इंडिया अभियान केवल नारे तक सीमित नहीं है, बल्कि वह वास्तव में आम नागरिक के जीवन को बदलने का काम कर रहा है। अब आवश्यकता है कि इस सफलता का व्यापक प्रचार-प्रसार हो, ताकि हर नागरिक डिजिलॉकर जैसी सुविधाओं का पूरा लाभ उठा सके।

## आज का इतिहास

### 3 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1783 - अमेरिका और ब्रिटेन के बीच पेरिस की संधि के साथ क्रांतिकारी युद्ध समाप्त हो गया।

1833 - अमेरिका में पहला सफल समाचार पत्र 'न्यूयार्क सन' बेंजामिन एच डे के द्वारा शुरू किया गया था।

1939 - ब्रिटिश प्रधानमंत्री नेविले चेम्बरलिन द्वारा एक रेडियो प्रसारण पर ब्रिटेन और फ्रांस का जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा करने के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हुआ।

1943 - दूसरे विश्व युद्ध के दौरान मित्र राष्ट्रों ने इटली पर हमला किया।

1971 - कतर स्वतंत्र राष्ट्र बना।

1984- दक्षिण फिलिपीन्स में आये एक भयानक तूफान की वजह से करीब 1300 मारे गए और सैकड़ों घायल हुए।

1998 - नेल्सन मंडेला द्वारा गुट निरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन में कश्मीर का मुद्दा उठाये जाने पर प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की।

2003 - पाकिस्तान सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो पर देशद्रोह का मुकदमा चलाने का निर्णय।

2004 - रुसी सैनिकों ने अपहरणकर्ताओं के कब्जे से स्कूल मुक्त कराया।

2006 - यूरोप का पहला त्रिवर्षीय चंद्र मिशन समाप्त। भारतीय मूल के भरत जगदेव ने गुयाना के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

2007 - चीन के झिंगजियांग प्रान्त में चीनी व जर्मन विशेषज्ञों ने लगभग 16 करोड़ साल पुराने जीव के 17 दांत खोजने का दावा किया। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री ख़ालिदा जिया और उनके सबसे छोटे पुत्र अराफ़ात रहमान कोको को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ़्तार किया गया।

2008 - राजेन्द्र कुमार पचौरी को संयुक्त राष्ट्र की संस्था जलवायु परिवर्तन के अन्तर सरकारी पैनल (आईपीसीसी) का पुनः प्रमुख चुना गया।

2009 - आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई. एस. रेड्डी की हेलीकाप्टर दुर्घटना में मौत हो गयी।

2014 - भारत और पाकिस्तान में अचानक आयी बाढ़ के कारण दो सौ से ज्यादा लोगों की मौत।

3 सितंबर को जन्मे व्यक्ति

1617 - रोशन आरा बेगम - मुमताज़ महल (नूरजहाँ) की पुत्री।

1905 - कमलापति त्रिपाठी - भारतीय राजनीतिज्ञ, लेखक, पत्रकार और स्वतंत्रता सेनानी थे।

# ट्रंप को जवाब देती भारत की आर्थिकी

**डा. जयंती लाल भंडारी**

यह भी महत्वपूर्ण है कि इस समय भारत और अमरीका के बीच द्विपक्षीय कारोबार समझौते (बीटीए) और अंतरिम व्यापार समझौते के लिए संवाद बनाए रखना होगा। 27 अगस्त को नया टैरिफ लागू होने के बाद भी भारत-अमरीका के बीच व्यापार वार्ता आगे बढ़ी है। अमरीका ने कहा कि दोनों देश साथ आएंगेज

यकीनन इन दिनों पूरी दुनिया आश्चर्य के साथ देख रही है कि जब अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ हथियार के डर से दुनिया के अधिकांश देश अमरीका के सामने झुकते हुए उसकी व्यापार शर्तों को मानते हुए दिखाई दे रहे हैं, तब भारत अमरीका के साथ कारोबार समझौते के तहत अपने करोड़ों किसानों और मछुआरों के हितों के मद्देनजर अमरीका के सामने बिना झुके अपनी शर्तों के साथ अडिग खड़े हुए है और तेजी से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था ट्रंप को जवाब दे रही है। 29 अगस्त को प्रकाशित वित्त वर्ष 2025-26 के तहत अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। एक साल पहले, अप्रैल-जून 2024 की तिमाही में यह आंकड़ा 6.5 फीसदी था। इसी परिप्रेक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की विकास दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। गौरतलब है कि ट्रंप के द्वारा 27 अगस्त से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से भारत से होने वाले निर्यात और भारतीय अर्थव्यवस्था पर पडने वाले प्रभाव से निपटने के लिए रणनीतिक तैयारी का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। 29 अगस्त को वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार टैरिफ चुनौती के मद्देनजर कई उपायों की तैयारी कर रही है। चूंकि ट्रंप की ओर से भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ से अमरीका को भारत से होने वाले वस्तु निर्यात का करीब 55 फीसदी यानी करीब 48 अरब का निर्यात प्रभावित हो सकता है।

पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने अपने कुल निर्यात का पांचवां हिस्सा यानी करीब 86.5 अरब डालर मूल्य की वस्तुओं का अमरीका को निर्यात किया था। ऐसे में भारत के निर्यातकों के सामने कुछ चुनौतियां खड़ी होती हुई दिखाई दे रही हैं। इसमें भी कोई दो मत नहीं है कि अमरीका द्वारा लगाए गए ऊंचे शुल्क और वैश्विक अनिश्चितताओं का असर इस वित्त वर्ष 2025-26 में घरेलू निजी निवेश पर पड़ सकता है। भारत और अमरीका के बीच व्यापार करार नहीं होने की स्थिति में कुछ क्षेत्रों को कुछ प्रभाव के लिए तैयार रहना होगा, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रम क्षेत्र को चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। यह कोई छोटी बात नहीं है कि हाल ही में अमरीकी ग्लोबल रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा कि अमरीका के द्वारा भारत पर 50 फीसदी ऊंचे टैरिफ लगाने से भारत की आर्थिक तरक्की पर कोई खास असर नहीं होगा और भारत की अर्थव्यवस्था बढने की प्रवृत्ति बनाए रखेगी। भारत की 'सॉवरेन रेटिंग' का नजरिया अभी भी सकारात्मक बना रहेगा। चूंकि भारत एक निर्यात-उन्मुख अर्थव्यवस्था नहीं है, ऐसे में भारत को टैरिफ संबंधी ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। इसी तरह मॉर्गन स्टैनली रिसर्च के एक विश्लेषण में कहा गया है कि भारत की घरेलू मांग मजबूत होने के कारण को बदल देंगे। भारत के द्वारा चीन और रूस के साथ भी विदेश व्यापार के नए अध्याय आगे बढ़ाए जा रहे हैं।

ट्रंप टैरिफ से मुकाबले के लिए ऐसे उपायों के साथ-साथ भारत ने सरल कर व्यवस्था और लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाकर घरेलू खपत बढ़ाने की योजना बनाई है। भारत घरेलू खपत बढ़ाकर कुछ हद तक अमरीकी व्यापार में हुए नुकसान की भरपाई कर सकता है। वैश्विक व्यापार में हो रहे उतार-चढ़ाव के बीच भारत को बचाने में के बीच व्यापार समझौता अक्टूबर 2025 से लागू हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि 24 जुलाई को भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के पीएम किएर स्टार्मर की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए हैं।

भारत के द्वारा कतर, न्यूजीलैंड, पेरू, चिली, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर आगे कदम




अमरीका के द्वारा भारत से निर्यात पर ऊंचे टैरिफ लागू किए जाने से विकास दर पर आधा फीसदी से भी अधिक असर होगा। ऐसे में भारत के द्वारा ट्रंप टैरिफ के मुकाबले के लिए छह सूत्रीय रणनीति जरूरी दिखाई दे रही है। एक, नए निर्यात बाजार में कदम रखे जाएं। दो, तेज बढ़ते घरेलू बाजार व अनुकूल आर्थिक परिदृश्य से विकास दर बढ़ाई जाए। तीन, मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जाए। चार, स्वदेशी अपनाएं। पांच, सेवा निर्यात बढ़ाएं और छह, अमरीका के साथ व्यापार संवाद लगातार कायम रखा जाए। यह बात महत्वपूर्ण है कि भारत ने निर्यातकों को सहारा देने की नई रणनीति सुनिश्चित की है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 40 देशों में विशेष संपर्क कार्यक्रम चलाने की योजना बनाई है। इस पहल के तहत ब्रिटेन, जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, फ्रांस, इटली, स्पेन, नीदरलैंड, पोलैंड, कनाडा, मेक्सिको, रूस, बेल्जियम, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और आस्ट्रेलिया जैसे प्रमुख देशों को शामिल किया गया है। सरकार अमरीका से इतर अन्य देशों से मित्रता मजबूत कर रही है। 29-30 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के साथ मैत्री का अध्याय मजबूत किया और टोक्यो में ऐलान किया कि जापानी तकनीक और भारतीय टेलेंट दुनिया भारत की घरेलू खपत अहम भूमिका निभा रही है। पिछले वर्ष 2024 में भारत का खुदरा बाजार 1060 अरब डॉलर का था, यह सालाना 10 फीसदी की दर से बढ़ते हुए 2030 तक 1930 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। निस्संदेह भारत एफटीए की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत के द्वारा ईएफटीए, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और यूके के साथ किए गए एफटीए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। भारत को यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए से मजबूत लाभ हुआ है। यूएई के साथ, पिछले चार-पांच वर्षों में सेवाओं का निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। हाल ही में उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री ने राज्यसभा में बताया कि भारत और ओमान के बीच एफटीए को लेकर बातचीत पूरी हो चुकी है और जल्द ही दोनों के बीच शीघ्र ही एफटीए पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है और इस वर्ष 2025 के अंत तक यूरोपीय यूनियन के साथ एफटीए लागू होने की पूरी संभावना है। इससे भारत के लिए दुनिया का एक बड़ा और महत्वपूर्ण बाजार खुल जाएगा। विगत 10 जुलाई को भारत में स्विटजरलैंड की राजदूत माया तिस्साफी ने कहा कि भारत और 4 सदस्य देशों आइसलैंड, स्विटजरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन वाले यूरोपिटन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) बढ़ाए जा रहे हैं। निश्चित रूप से अब नई रणनीति के तहत घरेलू खपत बढ़ाने हेतु स्वदेशी अपनाने और स्वदेशी उद्योग-कारोबार को हरसंभव तरीके से प्रोत्साहित किया जाना जरूरी होगा। साथ ही पूरी दुनिया में भारत के सेवा निर्यात को तेज रफ्तार से बढ़ाना होगा। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से 385 अरब डॉलर का सेवा निर्यात किया गया, अब इस वर्ष भारत को 450 अरब डॉलर का लक्ष्य पाने की दिशा में रणनीतिक रूप से आगे बढना होगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस समय भारत और अमरीका के बीच द्विपक्षीय कारोबार समझौते (बीटीए) और अंतरिम व्यापार समझौते के लिए संवाद बनाए रखना होगा। 27 अगस्त को नया टैरिफ लागू होने के बाद भी भारत-अमरीका के बीच व्यापार वार्ता आगे बढ़ी है। अमरीका ने कहा कि दोनों देश साथ आएंगे और व्यापार वार्ता से विश्वास बहाल होगा। उम्मीद करें कि भारत ट्रंप टैरिफ से निर्मित निराशाजनक वैश्विक पृष्ठभूमि में सबसे आकर्षक वृहद आर्थिक गाथा के साथ नए निर्यात बाजार, एफटीए, स्वदेशी, सेवा निर्यात की संभावनाओं को बढ़ाते हुए ट्रंप के 50 फीसदी ऊंचे टैरिफ की चुनौतियों से निपटते हुए आर्थिक डगर पर लगातार आगे बढ़ेगा।

## आज का राशिफल

**मेषः** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-1-3-5

**वृषः** अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**मिथुनः** अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है। शुभांक-4-7-9

**कर्कः** दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-4-5

**सिंहः** चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी। शुभांक-4-5-6

**कन्याः** निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतोषजनक सफलता मिलेगी। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-4-7

**तुलाः** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-5-6-9

**वृश्चिकः** संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-6-8

**धनुः** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। शुभांक-3-5-7

**मकरः** मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-4-6-8

**कुम्भः** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-6-9

**मीनः** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-5-6-8

# रोजगार मेले से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों की सूची प्रस्तुत करें : कमिश्नर

## कोर्ट में लंबित प्रकरणों के अलावा सभी पेंशन प्रकरण सात दिन में दर्ज करें : कमिश्नर



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय समीक्षा बैठक में टीएल पत्रों के निराकरण तथा रोजगार मेले की तैयारियों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि रोजगार तथा स्वरोजगार से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों की विभागवार एवं जिलावार सूची बनाएं। सभी अधिकारी एक सप्ताह में हितग्राहियों की सूची प्रस्तुत कर दें। स्वरोजगार से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों के निर्धारित लक्ष्य से 50 प्रतिशत अधिक प्रकरण 15 सितम्बर तक बैंकों में दर्ज कराएं। महिला स्वसहायता समूहों के बैंक लिंकेज और ऋण अनुदान के प्रकरण भी लक्ष्य के अनुसार दर्ज करें। रोजगार मेले में बैंकों द्वारा मुद्रा योजना तथा अन्य योजनाओं से स्वीकृत ऋण प्रकरणों में ऋण राशि का वितरण किया जाएगा। संभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ जिलाधिकारियों से समन्वय बनाकर विभागीय योजनाओं के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें। रोजगार मेले की तैयारियों में किसी तरह की कोर कसर न रखें।

कमिश्नर ने कहा कि रोजगार मेले में 50 हजार से अधिक हितग्राहियों को लाभन्वित किया जाएगा। इसकी तैयारियों के लिए जिला स्तर पर रोजगार मेले आयोजित करें। विकासखण्ड स्तर पर शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों का चयन कर उनके आवेदन पत्र भरवाएं। विभिन्न कंपनियों और निजी संस्थाओं में रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए इन्हें रोजगार मेलों में शामिल करें। आउटसोर्स सेवाएं देने वाली कंपनियों, सुरक्षा संस्थान तथा निजी संस्थाओं को भी रोजगार मेले में शामिल करें। औद्योगिक इकाईयों तथा बड़े निजी संस्थानों में भी रोजगार के अवसरों का पूरा लाभ हितग्राहियों को दें। कमिश्नर ने कहा कि जिन व्यक्तियों के प्रकरण कोर्ट में विचाराधीन हैं उन्हें छोड़कर शेष सेवानिवृत्त सभी शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण सात दिवस में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर दें। पेंशन प्रकरणों के निराकरण और रोजगार मेले की तैयारियों की हर सप्ताह रिपोर्ट दें।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों तथा समाधान ऑनलाइन के एजेण्डां बिन्दुंओं के लंबित प्रकरणों में विशेष ध्यान दें। सीएम हेल्प लाइन में 100 दिन से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरणों को सात दिवस में निराकरण करें। अधिकारी लंबित प्रकरणों का स्वयं अध्ययन करके तथ्यपूर्ण प्रतिवेदन दर्ज करें। कम से कम पांच हितग्राहियों से चर्चा करके लंबित प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं। ई आफिस में इस सप्ताह कम फाइलें दर्ज हुई हैं। अब तक संभागीय कार्यालय में 3706 फाइलें क्रिएट हुई हैं तथा 15760 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। संभागीय अधिकारी सभी अभिलेख और फाइलें ई आफिस के माध्यम से ही भेजें। जिन अधिकारियों के पास मऊगंज और मैहर जिलों का प्रभार है वे प्रत्येक बुधवार और गुरूवार को इन जिलों में जाकर कार्य करें। मऊगंज में 7 सितम्बर को मुख्यमंत्री जी का दौरा प्रस्तावित है। सभी संबंधित अधिकारी समय पर दौरे की तैयारियां पूरी कर लें। कमिश्नर ने कहा कि सभी संभागीय और जिला अधिकारी वेंकट क्लब की सदस्यता लेकर खेलकूद की गतिविधियों में शामिल हों। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए विभिन्न तरह के खेलों में शामिल होना सबसे लाभप्रद होता है। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंह, मुख्य अभियंता ऊर्जा प्रमा पाण्डेय, प्रभारी संयुक्त संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, क्षेत्रीय संचालक एमपीआईडीसी यूके तिवारी तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में 108 आवेदकों के प्राप्त हुए आवेदन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 108 आवेदकों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किये। संयुक्त कलेक्टर जीपी अग्रवाल, राजेश सिन्हा एवं डिप्टी कलेक्टर सुधाकर सिंह ने विभागीय समस्याओं से संबंधित आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में शारदा नगर निवासी उमा द्विवेदी ने आवासीय कालोनी में व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन पर रोक लगाने का आवेदन प्रस्तुत किया जिसे कमिश्नर नगर निगम एवं आयुक्त सहकारिता को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। इसी प्रकार सेमरी कला निवासी उमाशंकर द्विवेदी के नक्शा तरमीम, झिरिया निवासी राजेश कुमार के फर्जी बटवारे की जांच कराने, नेहरू नगर निवासी अर्चना पटेल के खतौनी की नकल दिलाने तथा देवरी शिवमंगल सिंह निवासी रोहणी प्रसाद शुक्ला के जालसाजी कर दूसरे की जमीन की रजिस्ट्री कराने की जांच के आवेदनों को संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में मुन्नी कुशवाहा के नगर परिषद में मध्यान्ह भोजन का कार्य दिलाने, बरा निवासी संजय ताम्रकर के सीमांकन कराने तथा मकरवट निवासी चन्द्रमणि शुक्ला के नहर का मुआवजा दिलाये जाने के आवेदन को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। शीला मिश्रा दूबी निवासी के आपसी बटवारा तथा सेमरिया निवासी आशा कुशवाहा के मकान से अवैध कब्जा हटाने के आवेदनों को संबंधित नायब तहसीलदारों को प्रेषित कर कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार मोतीमणि त्रिपाठी कुठुलिया के संबल अनुग्रह राशि भुगतान के आवेदन को आयुक्त नगर निगम को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। श्री निवास पाण्डेय पुर्वा के प्रधानमंत्री सड़क निर्माण में मुआवजा राशि के भुगतान के आवेदन को महाप्रबंधक पीएमजीएसवाई को तथा सिघौल निवासी छात्र भास्कर के पेंटियम प्वाइंट कालेज में चतुर्थ सेमेस्टर में दबाव बनाकर फीस लेने के आवेदन पर अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा को परीक्षण कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## उधार को लेकर दुकानदार की बेटी से मारपीट का आरोप, किराना व्यापारी ने की शिकायत; आरोपी के खिलाफ केस दर्ज



**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** मऊगंज थाना क्षेत्र के मुदरिया गांव में उधारी सामान देने से मना करने पर एक किराना दुकानदार के परिवार से मारपीट की गई। घटना सोमवार रात तकरीबन 8 बजे की है। मुदरिया गांव की प्रमिला प्रजापति के घर के पास स्थित किराना दुकान पर गांव का ही बाबा साकेत सामान लेने पहुंचा। दुकान पर मौजूद प्रमिला की बेटी ने उधारी में सामान देने से मना कर दिया। इस पर बाबा साकेत ने विवाद शुरू कर दिया।

**गाली-गलौज के बाद की मारपीट:** आरोपी बाबा साकेत ने विवाद के बाद गाली-गलौज भी की। इसके बाद आरोपी ने दुकानदार की बेटी से मारपीट की। घटना के बाद प्रमिला प्रजापति अपने परिवार के साथ मऊगंज थाने पहुंची। उन्होंने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

**ग्रामीण बोले-उधारी को लेकर दुकानों पर अक्सर होते हैं विवाद:** ग्रामीणों का कहना है कि उधारी को लेकर दुकानों पर अक्सर विवाद होते रहते हैं। उन्होंने ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## यूरिया खाद की किल्लत से जूझ रहे जिले सहित तराई क्षेत्र के किसान, बर्बाद होने की कगार पर पहुंची फसले, उत्पादन में 30 से 40प्रतिशत की कमी

### सरकार के वादे कागजों तक सीमित; अधिकारियों में अफ़सरशाही हॉबी



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रदेश से लेकर सभी जिलो में खाद की किल्लत मची हुई है। इसके बावजूद भाजपा सरकार के मंत्री, सांसद और विधायक हर मंच से विकास की गाथा गाते रहते है जबकि धरातल में कुछ भी नही है जो भी योजनाएं और सरकार के वादे है वो कागजों तक मे सीमित है और किसान खाद के लिए भटक रहा है, बता दे कि धान की फसल में रोपाई के बाद यूरिया खाद डालना अतिआवश्यक है लेकिन किसानों को खाद नहीं मिलने से खेतों में लगी फसलें मुरझाने लगी और धान ग्रोथ नही कर रही हैं। यह समस्या किसी एक तहसील की नहीं बल्कि पूरे प्रदेश और सभी जिलों सहित देश भर में देखने को मिल रही है। लेकिन सरकार को किसानों की समस्या से कोई लेना देना नही है।

किसानों का आरोप है कि सरकार पर्याप्त यूरिया उपलब्ध कराने की बड़ी-बड़ी बातें तो करती है परन्तु जमीनी स्तर पर हालात कुछ और ही हैं। जिसके लिए किसान समृद्धि केंद्रों सहित समितियो का महीनों से चक्कर काट रहे है फिर भी उन्हें यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। इसी कड़ी में रीवा जिले के जवा तहसील अंतर्गत किसान समृद्धि केंद्र जवा ममेड़ी में हजारों की संख्या में लाडली बहनों सहित किसानों की भीड़ प्रतिदिन देखने को मिल रही है जो रात्रि 9 बजे से खाद के लिए किसान समृद्धि केंद्र में बैठ जाते है इसके बाबजूद किसानों को खाद नही मिल पा रही है।

कई किसानों का आरोप है हम लोग रात्रि 9 बजे से किसान समृद्धि केंद्र जवा ममेड़ी में बैठे थे रजिस्टर में सभी का नाम लिखा गया कि इसी रजिस्टर नाम के अनुसार खाद दी जाएगी लेकिन सुवह 9 बजे दबंग लोग और खाद वितरण करने वाले के परिचित आये और सभी लाइन लगाकर खड़े हो गए कि अब लाइन से खाद मिलेगी जो रजिस्टर में नाम लिखा है उसके आधार पर खाद नही मिलेगी।

जिसमे पुलिस भी उन्ही का साथ दे रही है और पुलिस भी अपने परिचित लोगो को खाद दिलवा रही है यहा पर सिस्टम से खाद नही मिल रही है। किसानों का आरोप है कि यही सामने घर का पुष्पराज पटेल जो चौकीदार का काम करता है लेकिन पूरे केंद्र का सर्वेसर्वा है पूरा खेल उसी के द्वारा खेला जाता है और उसी के इशारे पर खाद दी जाती है।

## अपर कलेक्टर मऊगंज ने 33 आवेदन पत्रों में की जनसुनवाई



**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने आमजनता के 33 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। जनसुनवाई में देवतालाब तहसील के ग्राम सोनवर्षा के आवेदक रघुनाथ गुप्ता तथा जय कुमार गुप्ता एवं ग्राम डिघवार के आवेदक रामावतार गुप्ता ने अवैध निर्माण रोकने और नक्शा तरमीम के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार मऊगंज को प्रकरणों में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। हनुमना तहसील के ग्राम सगराखुर्द निवासी मोहनलाल जायसवाल, अशोक, संतोष तथा फूलमती जायसवाल ने आवासीय पट्टे के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हनुमना को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्रामादेवी कोल निवासी मऊ बगदरा ने कल्याणी पेंशन तथा सुरूपवती आदिवासी ने वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने सीईओ जनपद मऊगंज को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जमीन से अवैध कब्जा हटाने, नक्शा तरमीम, आर्थिक सहायता, मजदूरी भुगतान, मुआवजा दिलाने सहित विभिन्न आवेदनों में सुनवाई की गई। जनसुनवाई में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संजय गांधी अस्पताल में मरीजों की संख्या 3 गुना बढ़ी, अधीक्षक बोले- अतिरिक्त बेड की व्यवस्था बनाने में जुटे




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मौसम बदलने के साथ ही बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है। रीवा संभाग के सबसे बड़े संजय गांधी अस्पताल में मरीजों की लंबी कतारें लग रही हैं। हर दिन 100 से ज्यादा मलेरिया और टायफाइड के मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं अगर अन्य मौसमी बीमारियों को भी शामिल कर लिया जाए तो यह संख्या 1000 के आसपास है।

मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण अस्पताल में बेड की समस्या गहरा गई है। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक मरीजों की संख्या में तीन गुना वृद्धि हुई है। जो इस माह के अंत तक बनी रहेगी। मरीजों की संख्या में यह वृद्धि पिछले 15 से 20 दिनों के भीतर हुई है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा ने बताया कि वायरल फीवर, सर्दी-खांसी और अन्य मौसमी बीमारियों से भी बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। बच्चों का वार्ड हो, गायनी विभाग या सामान्य वार्ड- हर जगह बेड पूरी तरह से भरे हुए हैं।

**अतिरिक्त बेड की व्यवस्था:** डॉ. मिश्रा ने कहा कि मरीजों की सुविधा के लिए अतिरिक्त बेड लगाए जा रहे हैं। सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उनका मानना है कि सितंबर अंत या अक्टूबर की शुरुआत तक मौसम बदलने पर बीमारियों का असर कम हो जाएगा।

## नगर निगम ने किला रोड, मंडी मार्ग से अतिक्रमण हटाया; व्यापारियों ने किया विरोध, पुलिस बल बुलाना पड़ा




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** किला रोड, मंडी मार्ग और पुरानी सब्जी मंडी सहित विभिन्न स्थानों पर व्यापारियों के अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर निगम प्रशासन सख्त हो गया है। मंगलवार सुबह नगर निगम आयुक्त सौरभ सोनवड़े के निरीक्षण के बाद निगम की टीम दो जेसीबी मशीन और अमले के साथ मौके पर पहुंची। जैसे ही झुग्गी-झोपड़ियां और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हुई, व्यापारियों ने इसका पुरजोर विरोध किया। व्यापारियों का साथ देने व्यापारी संघ के अध्यक्ष नरेश काली भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर अतिक्रमण नहीं हटने दिया जाएगा। व्यापारियों के विरोध को देखते हुए नगर निगम ने पुलिस प्रशासन से सहयोग लिया।

**स्वच्छता और यातायात सुधार पर जोर:** नगर निगम का कहना है कि रीवा को पहली बार स्वच्छता में फाइव स्टार रेटिंग मिलने के बाद लगातार शहर को साफ-सुथरा और अतिक्रमण मुक्त बनाने की कोशिशें की जा रही हैं। शहर में आए दिन लगने वाले जाम को रोकने और बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए अतिक्रमण हटाना बेहद जरूरी है। आयुक्त सौरभ सोनवड़े ने कहा कि शहर को सुंदर, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए यह कार्रवाई आवश्यक है। इससे पहले भी निराला नगर बस्ती, चिरहुला कॉलोनी बस्ती सहित कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाया जा चुका है।

## उल्लास नवभारत साक्षरता विकासखंड जवा द्वारा जन जन साक्षरता निकाली गई रैली



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश को शत प्रतिशत साक्षर करने हेतु उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यकम जन-जन साक्षर की भावना से 2022 से 2027 तक के लिए संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्ब में इस वर्ष भी अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर दिनांक 01 सितम्बर 2025 से 08 सितम्बर 2025 तक साक्षरता साप्ताह के रूप में मनाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

साक्षरता की अलख जगाने के उद्देश्य से साक्षरता अभियान के अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर विकासखंड जवा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड स्त्रोत समन्वय विकासखंड साक्षरता समन्वयक अंबिकेश प्रताप सिंह के द्वारा विकासखंड के समस्त विद्यालयों में साक्षरता जागरूकता रैली निकलवाई गई। इस रैली में बच्चों द्वारा साक्षरता के नारे बोल बोल कर गलीगली मोहल्ले और बाजार में लोगों को साक्षरता के प्रति जागरूक किया गया। जहा पर कई विद्यालयों के छात्र/ छात्राएं व शिक्षक मौजूद रहे।

# मुख्यममंत्री के दौरे की सभी तैयारियां समय पर पूरी कर लें : गिरीश गौतम

## मुख्यमंत्री 7 को आएंगे देवतालाब और बहुती



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 7 सितंबर को मऊगंज जिले में विभिन्न स्थानों का भ्रमण करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम में बहुती जलप्रपात पर्यटन स्थल तथा देवतालाब शिव मंदिर को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव देवतालाब स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। समारोह में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा शिलान्यास भी किया जाएगा। कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधायक देवतालाब गिरीश गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री पहली बार देवतालाब आ रहे हैं। जिले के दो प्रमुख पर्यटन स्थलों देवतालाब मंदिर तथा बहुती जलप्रपात में मुख्यमंत्री का आगमन होगा। मुख्यमंत्री के आगमन से जिले के विकास को गति मिलेगी। सभी अधिकारी मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियां समय पर पूरी कर लें।

बैठक में कलेक्टंर संजय कुमार जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम जिले के लिए महत्वपूर्ण है। सभी अधिकारी आमसभा तथा अन्य कार्यक्रमों से जुड़ी तैयारियां समय पर पूरी कर लें। तैयारियों के लिए देवतालाब तथा बहुती में जिम्मेदार अधिकारी तैनात करें। कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, पार्किंग, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा की सभी व्यवस्थाएं पूरी कर लें।

कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री सबसे पहले पर्यटन स्थल बहुती जलप्रपात पहुंचेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री देवतालाब पहुंचकर शिवमंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करेंगे। मुख्यमंत्री देवतालाब स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। समारोह में हितग्राहियों को हितलाभ का भी वितरण किया जाएगा। समारोह में लोक कलाओं और लोकरंग का भी प्रदर्शन होगा। सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्व के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग बहुती और देवतालाब में हेलीपैड निर्माण तथा सभास्थल में आवश्यक निर्माण एवं बेरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा व्यवस्था, आंगतुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, मंच की साज-सज्जा तथा कार्यक्रमों के प्रस्तुतिकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

# उज्जैन के गणेश पांडाल में लगे आतंकियों के पोस्टर, लिखा- हम पैरों में रौंदने से पहले कौम नहीं पूछेंगे; लोग जूते-चप्पल रखकर गुजर रहे

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन में गणेश उत्सव के बीच गणेश पांडाल में आयोजक अलग-अलग थीम पर सजावट कर रहे है। लेकिन गुदरी चौराहे पर विराजित गुदरी गण राज के पंडाल में हाफिज सईद और पहलगाम घटना में शामिल आतंकियों के पोस्टर लगाए गए है। वो भी पंडाल के प्रवेश द्वार के ठीक नीचे ताकि लोग भगवान गणेश के दर्शन के लिए जब पंडाल में आए तो उन पर अपने जूते-चप्पल रखकर प्रवेश करें। यह पंडाल चौबीस खंभा मंदिर के पास स्थित है।दशा में जल्द की काम करने की तैयारी है।




इसमें एक घटना रविवार को और दूसरी घटना सोमवार को हुई। जिन दो बच्चों के चूहों ने हाथ कतरे हैं, ये दोनों दो-तीन दिन पहले जन्म के तुरंत बाद एनआईसीयू में शिफ्ट किए गए थे। दरअसल पूरे एमवायएच में ही चूहों की भरमार है। बताया जाता है कि इसमें एनआईसीयू में तो एक बड़ा चूहा कई दिनों से सक्रिय है। खुद स्टाफ उसे देखकर सहम जाते हैं। चूहों ने सोमवार को दूसरे नवजात का हाथ कुतरा रविवार को जब पहली घटना में चूहे ने नवजात को काटा तो डॉक्टरों ने नवजात का इलाज शुरू कर दिया। फिर आज सोमवार को दूसरे नवजात का हाथ कुतरा तो स्टाफ ने तुरंत संबंधित डॉक्टरों को सूचना दी। इस बीच सीनियर डॉक्टर्स यूनिट में पहुंचे और स्थिति जानी। उन्होंने तत्काल एचओडी डॉ. ब्रजेश लाहोटी को फोन पर घटनाक्रम बताया। दरअसल डॉ. लाहोटी अभी छुट्टी पर हैं। डॉक्टरों ने उन्हें दोनों बच्चों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद डॉ. लाहोटी ने सुपरिटेंडेंट डॉ. अशोक यादव को जानकारी दी। दोनों नवजातों का चल रहा इलाजइधर, कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) की टीम भी सितंबर में ही आएगी। टीम दो बार निरीक्षण करेगी। मेट्रो रेल कमिश्नर भी आएंगे। इस टीम से पहले रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गनाइजेशन (आरडीएसओ) की टीम निरीक्षण कर चुकी है। 10 अगस्त को प्रायोरिटी कॉरिडोर (सुभाष नगर से एम्स तक) का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट दे दी है। 'ओके' रिपोर्ट मिलने के बाद अब सीएमआरएस के निरीक्षण को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।सीएमआरएस की टीम आने से पहले नगरीय प्रशासन और मेट्रो अफसर रूट का निरीक्षण कर रहे थे।

**पोस्टर में क्या लिखा है :** पंडाल में लगे एक बड़े पोस्टर पर लिखा है, तुमने धर्म पूछकर मारा था, हम पैरों में रौंदने से पहले कौम नहीं पूछेंगे। यह पोस्टर सर्व हिंदू समाज शिप्रा नवयुवक मंडल द्वारा लगाया गया है। साथ ही पहलगाम हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने वाला एक और पोस्टर भी पंडाल में लगाया गया है।

**आयोजक बोले- आतंकी हमलों को न भूले लोग :** इस आयोजन के बारे में संगठन से जुड़े रितेश माहेश्वरी ने बताया, हम चाहते थे कि त्योहारों के समय लोग पहलगाम जैसे आतंकी हमलों को ना भूलें और जिन्होंने यह कृत्य किया, उन्हें उनकी औकात दिखाई जाए। इसलिए ऐसे लोगों की तस्वीरें पंडाल में इस तरह लगाई गई हैं कि भक्त उनके चेहरों पर पैर रखकर ही प्रवेश करें। हालांकि इस तरह के पोस्टर धार्मिक और सामाजिक दृष्टिकोण से कुछ लोगों के बीच विवाद खड़ा कर सकते हैं। अभी तक प्रशासन की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन चूंकि मामला धार्मिक आयोजन से जुड़ा है, इसलिए इसे लेकर चर्चा हो रही है।

## खंडवा में साढ़े 17 लाख रुपए लूट की वारदात, हरसूद में पारदी गैंग ने मारपीट कर लूटी रकम; 4 आरोपी हिरासत में




**खंडवा, एजेंसी।** खंडवा हरसूद थाना क्षेत्र में रविवार 31 अगस्त को साढ़े 17 लाख रुपए की लूट की वारदात हुई। फरियादी सोमवार को थाने पहुंचा, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। शुरुआती जांच में खुलासा हुआ कि वारदात पारदी गैंग ने की थी। पुलिस ने घटना को ट्रेस कर लिया है और आरोपियों को पकड़ लिया है। फरियादी छत्तीसगढ़ के रायपुर निवासी हैं। उनके साथ मारपीट कर लुटेरों ने साढ़े 17 लाख रुपए लूट लिए। यह वारदात तोरनिया सोलर प्लांट के पास हुई।

**पारदी गैंग के 4 आरोपी पकड़े गए :** टीआई राजकुमार राठौर ने बताया कि वारदात में पारदी गैंग शामिल थी। गैंग से जुड़े युवराज उर्फ सेवकराम पिता रामराणा (निवासी ग्राम भीलखेड़ी, पिपलोद), शबनम पिता सापीलाल (निवासी ग्राम बेडियाव) सहित दो अन्य को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**पुलिस की कार्रवाई जारी :** पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और लूट की पूरी रकम बरामद करने का प्रयास कर रही है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## कचरे में फेंकी बच्ची, हाल जानने अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री; बच्ची को अपनाने सैकड़ो लोग आगे आए, सीडब्ल्यूसी करेगी देखभाल

**रायसेन, एजेंसी।** बरेली में 29 अगस्त को कचरे की गाड़ी में मिली नवजात बच्ची को अब चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (ष्टङ्खष्ट) की देखरेख में भेजा जाएगा। स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने सिविल अस्पताल पहुंचकर बच्ची का हाल जाना और पुलिस को इस मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जांच में सामने आया कि यह घटना एक प्रेम प्रसंग का नतीजा है। बच्ची की मां ने अपने प्रेमी के कहने पर उसे कचरे में फेंक दिया था। इस अमानवीय कृत्य को लेकर मंत्री पटेल ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**बच्ची की हालत में सुधार, कई लोग गोद लेने को तैयार :** सिविल अस्पताल में बच्ची के इलाज के लिए डॉक्टरों की एक विशेष टीम बनाई गई है। डॉक्टरों की देखरेख में बच्ची की हालत में सुधार हो रहा है। मंत्री ने अस्पताल प्रशासन को बच्ची की पूरी देखभाल करने का निर्देश दिया है।

इस घटना के बाद शहर के कई लोगों ने बच्ची को गोद लेने की इच्छा जताई है। अब बच्ची को ष्टङ्खष्ट के संरक्षण में रखा जाएगा, ताकि उसे एक सुरक्षित भविष्य मिल सके।

## रेलवे ट्रैक पर मिले युवक-युवती के शव, युवती का सिर और धड़ अलग हुआ; उमरिया पुलिस बोली- दो दिन से स्टेशन के पास घूम रहे थे

**उमरिया, एजेंसी।** उमरिया में मंगलवार सुबह रेलवे ट्रैक पर युवक-युवती के शव मिले हैं। युवती का सिर और धड़ अलग हो गए। सुबह करीब 4 बजे रेलवे कर्मचारियों ने अप ट्रैक पर दोनों के शव देखे। उन्होंने तुरंत अमरपुर पुलिस चौकी को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।



घटना इंदवार के अमरपुर चौकी अंतर्गत महरोई स्टेशन के पास की है। युवक-युवती की शिनाख्त करिश्मा कोल (18) पिता हल्के कोल और भारत कोल (21) पिता अशोक कोल निवासी खेरवा गांव के रूप में हुई है। चौकी प्रभारी शिवनाथ प्रजापति ने बताया कि दोनों लोग दो दिन से स्टेशन के पास घूम रहे थे। शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग का मामला सामने आ रहा है। दोनों एक ही गांव और एक ही समाज के थे। युवक-युवती दोनों के शवों को परिजनों की मौजूदगी में रेलवे ट्रैक से शव को उठाकर अमरपुर अस्पताल ले जाया गया है। जहां पर दोनों का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

**दोनों खेती और मजदूरी करते थे :** युवक और युवती के परिवार किसान है। खेती के साथ मजदूरी करते हैं। युवक अपने घर की खेती और मजदूरी करता था। युवती भी खेती के कार्य में घर वालों के साथ जाती थी।

## सागर विधायक के बंगले में घुसा 3 फीट लंबा सांप, पोर्च में टेबलों के पीछे छिपा बैठा था; स्नेक कैचर ने रेस्क्यू कर पकड़ा



**सागर, एजेंसी।** सागर विधायक शैलेंद्र जैन के बंगले में सांप घुस गया। कर्मचारियों ने सांप देखा तो हड़कंप मच गया। उन्होंने स्नेक कैचर बबलू पवार को सूचना दी। जानकारी मिलते ही स्नेक कैचर मौके पर पहुंचे और सांप का रेस्क्यू शुरू किया। सांप बंगले के पोर्च में टेबलों के बीच छिपा बैठा था। जिसे करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद स्नेक कैचर ने पकड़ लिया। स्नेक कैचर बबलू पवार ने बताया कि अंबेडकर वार्ड में स्थित सागर विधायक शैलेंद्र जैन के बंगले में सांप होने की सूचना मिली थी। सूचना पर मौके पर पहुंचा। जहां सांप पोर्च में था। जिसका रेस्क्यू शुरू किया गया। सांप पोर्च नें रखी टेबलों के पीछे छिप गया। जिसे रेस्क्यू कर पकड़ा गया। रेस्क्यू में पकड़ाया सांप वाटर स्नेक प्रजाति का करीब तीन फीट लंबा था। स्नेक कैचर बबलू पवार ने बताया कि वर्तमान में बारिश के साथ वातावरण में उमस ज्यादा पड़ रही है। जिस कारण जीव-जंतू बिलों के बाहर निकलकर ठंडी जगह की तलाश में जा रहे हैं। संभवत-यह सांप भी ठंडक की तलाश में विधायक बंगले में घुसा होगा। सांप को सुरक्षित पकड़ लिया गया है। उसे जंगल में छोड़ा जाएगा।

## अवैध शराब के साथ कुख्यात आरोपी गिरफ्तार, झाड़ियों में छिपाकर रखी 63 लीटर शराब जब्त; हत्या समेत कई मामले दर्ज

**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर में सिविल लाइन पुलिस ने देर रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, महर्षि स्कूल के पास से 63 लीटर अवैध देसी शराब बरामद की है। इस शराब की कीमत करीब 26 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में बीडी कॉलोनी के रहने वाले कुख्यात आरोपी विमल खटीक को गिरफ्तार किया है।




पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि महर्षि स्कूल के पास झाड़ियों में अवैध शराब छिपाई गई है। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो आरोपी विमल खटीक भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी करके उसे धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**पुराना है आपराधिक रिकॉर्ड :** पुलिस ने बताया- विमल खटीक का आपराधिक रिकॉर्ड काफी खराब है। उस पर पहले से ही हत्या, हत्या का प्रयास, चोरी और आबकारी से जुड़े कई गंभीर मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद, आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

**नशा मुक्ति अभियान में पुलिस की बड़ी सफलता :** छतरपुर पुलिस नशा मुक्ति अभियान के तहत लगातार सक्रिय है। पिछले कुछ महीनों में पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। इस दौरान, एनडीपीएस एक्ट में 82 और आबकारी एक्ट में 2000 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने अब तक 52 क्विंटल अफीम के पौधे, 1000 किलो गांजा, 500 नशीली सिरप की शीशियां, 1100 नशीली टैबलेट, 200 से अधिक इंजेक्शन और 16,000 लीटर अवैध शराब जब्त की है।

## उत्तर रेलवे जम्मू मंडल में रेल ट्रैफिक संस्पेंड, रतलाम रेल मंडल से गुजरने वाले ट्रेनें होंगी प्रभावित; 7 ट्रेन कैंसिल

**रतलाम, एजेंसी।** उत्तर रेलवे जम्मू मंडल के कठुआ-माधोपुर पंजाब रेल खंड में ट्रैफिक सस्पेंड के कारण रतलाम रेल मंडल से गुजरने वाली कुछ ट्रेनें प्रभावित होगी। 7 ट्रेन को कैसिंल किया है। जबकि दो ट्रेनों को शॉर्ट ओरिजिनेट, टर्मिनेट होगी।




**यह ट्रेनें रहेगी निरस्त**

- 4 एवं 5 सिंतबर को गाड़ी संख्या 12471 बांद्रा टर्मिनस श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा एक्सप्रेस।
- 2, 3 एवं 5 सिंतबर को गाड़ी संख्या 12472 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस।
- 4 सितंबर को गाड़ी संख्या 12474 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा गांधीधाम एक्सप्रेस।
- 2 सितंबर की गाड़ी संख्या 12475 हापा श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा एक्सप्रेस।
- 3 सितंबर की गाड़ी संख्या 12477 जामनगर श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा एक्सप्रेस।
- 8, 15, 22 एवं 29 सितंबर की गाड़ी संख्या 22941 इंदौर शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर एक्सप्रेस।
- 3, 10, 17 एवं 24 सितंबर की गाड़ी संख्या 22942 शहीद कैप्टन तुषार महाजन इंदौर उधमपुर एक्सप्रेस।

**यह ट्रेनें होगी शॉर्ट ओरिजिनेट, टर्मिनेट :** 2 से 19 सितंबर तक डॉ. अम्बेडकर नगर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12919 डॉ. अम्बेडकर नगर श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा एक्सप्रेस, अंबाला रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। अंबाला से श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा तक निरस्त रहेगी। 3 से 20 सितंबर तक श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 12920 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा डॉ. अम्बेडकर शॉर्ट ओरिजिनेट होगी।

## रियलिटी शो की शूटिंग से गांव में गंदगी, सीहोर में पंचायत को राजस्व नही; तालाब में फेंका कचरा, सड़कें भी टूटीं



**सीहोर, एजेंसी।** सीहोर के बमुलिया गांव में रियलिटी शो छोरियां चली गांव की की शूटिंग डेढ़ महीने से जारी है। शूटिंग यूनिट ने पंचायत के खेल मैदान, मंदिर और सरकारी स्कूल का उपयोग किया। लेकिन पंचायत को कोई कर नहीं दिया गया। शूटिंग यूनिट की लापरवाही से गांव को नुकसान हो रहा है। यूनिट से निकलने वाला कचरा बमुलिया और शिकारपुर तालाब के पास फेंका जा रहा है। इससे तालाब का पानी प्रदूषित हो रहा है। ग्रामीण आकाश परमार के अनुसार, तालाब का पानी मवेशी पीते हैं। प्लास्टिक और बचा हुआ खाना तालाब में फेंकने से मवेशियों की जान को खतरा है।

**ग्राम पंचायतों के राजस्व में कोई वृद्धि नहीं :** पिछले कुछ वर्षों में सीहोर की प्राकृतिक लोकेशन फिल्म और वेब सीरीज निर्माताओं को आकर्षित कर रही हैं। यहां शूट की गई फिल्में देश-विदेश में नाम कमा रही हैं। लेकिन इससे ग्राम पंचायतों के राजस्व में कोई वृद्धि नहीं हुई है। उल्टा गंदगी और सड़कों की टूट-फूट से ग्रामीण नाराज हैं। सरपंच और सचिव ने भी इस मामले में कोई आपत्ति दर्ज नहीं की है।

## राजगढ़ में तालाब किनारे मिला ट्रक ड्राइवर का शव, शौच के लिए गए थे, राहगीरों ने बेसुध देखा; परिजन बोले- बीमार थे

**राजगढ़ ।** राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में सोमवार को एनएच-52 के पास तालाब किनारे 50 वर्षीय ट्रक ड्राइवर का शव मिला। ड्राइवर श्याम पारेठा को बेसुध देखकर राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और श्याम को खिलचीपुर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। खिलचीपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**परिजन बोले- कुछ दिनों से बीमार थे :** मृतक श्याम मूल रूप से राजस्थान के इकलेरा के रहने वाले थे। वे पिछले 10 साल से खिलचीपुर के दशहरा मैदान में परिवार के साथ रह रहे थे। परिजनों ने बताया कि श्याम कुछ दिनों से बीमार थे। सोमवार सुबह वे शौच के लिए तालाब किनारे गए थे,पर वापस नहीं लौटे। पोस्टमार्टम करने वाले डॉ. कमल दांगी ने कहा कि पहली नजर में दम घुटने से मौत की आशंका लगती है। संभावना है कि उन्हें हार्ट अटैक आया हो और पानी में गिर गए हो। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असल वजह सामने आएगी।

# पावर ग्रिड कैंपस में मिला तेंदुए के शावक का शव, नर्मदापुरम में 20 दिन में तीसरी मौत; पीसीसीएफ ने 2 दिन पहले ही की थी समीक्षा

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** नर्मदापुरम जिले में वन्य प्राणियों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। सोमवार को पथरौटा स्थित पावर ग्रिड कैंपस में तेंदुए के एक शावक का सड़ा-गला शव मिला। अनुमान है कि शावक की मौत 4-5 दिन पहले हुई होगी। शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर डीएफओ मयंक गुर्जर, एसडीओ मानसिंह मरावी, रेंजर सहित वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और डॉग स्क्वॉड से घटनास्थल की जांच कराई गई। हालांकि मौत का कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन अधिकारियों ने प्रथम दृष्टया बिजली के करंट से मौत की आशंका जताई है।



**20 दिन में तीसरा मामला :** यह घटना जिले में 20 दिनों के भीतर बाघ-तेंदुए की मौत का तीसरा मामला है। इससे पहले 15 जुलाई को एसटीआर के बागड़ा बफर में तेंदुआ मृत मिला था। 12 अगस्त को मढ़ई में बाघ की लाश बरामद हुई, जिसकी मौत आपसी संघर्ष से बताई गई।थे।धूप और बादलज्मौसम के ये तीन रूप देखने को मिल रहे हैं। जैसे-जैसे मौसम में बदलाव हो रहा है वैसे-वैसे ही तीन वायरस सक्रिय हो रहे हैं। ये वायरस ज्यादातर बच्चों को प्रभावित कर रहे हैं। बच्चों में तेज जैसे लक्षण देखे जा रहे हैं। जेपी अस्पताल और हमीदिया अस्पताल की बच्चे पहुंचे, जो औसतन रविवार को आने वाले बाल रोगियों की संख्या से तीन गुना अधिक हैं। इसके बाद 22 अगस्त को तवा नदी के पास एक और बाघ का शव मिला था, जिसका पंजा शिकारी काटकर ले गए थे। अब तेंदुए के शावक की मौत ने वन विभाग की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**लोगों में दहशत, पहले से था मूवमेंट :** पावर ग्रिड कैंपस में तेंदुए की मूवमेंट की शिकायत पहले से मिल रही थी। पदचिन्ह मिलने पर फॉरेस्ट विभाग ने वहां कैमरे भी लगाए थे, लेकिन तेंदुआ कैमरों में कैद नहीं हुआ। डीएफओ ने भोपाल मुख्यालय को तेंदुए को रेस्क्यू करने की अनुमति के लिए पत्र भी लिखा था। सीसीएफ अशोक कुमार चौहान ने बताया कि मृत शावक मादा था और उसकी उम्र करीब 8-10 महीने रही होगी। घटनास्थल पावर ग्रिड यार्ड से महज 5-6 मीटर की दूरी पर है। शव का पोस्टमॉर्टम बागदेव चौकी में वाइल्ड लाइफ और पशु चिकित्सकों की टीम ने किया। इसके बाद शावक का अंतिम संस्कार किया गया। डॉ. लाहोटी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इन दोनों पूरे अस्पताल और आसपास चूहों की काफी भरमार है। उन्होंने कहा कि दोनों नवजातों का ट्रीटमेंट चल रहा है और विशेष तौर पर ध्यान रखा जा रहा है। स्टाफ को सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है। साथ ही यूनिट में चूहों की आवाजाही बंद करने के इंतजाम किए जा रहे हैं।

**दो दिन पहले ही हुई थी मौतों की समीक्षा :** 2 दिन पहले ही वन विभाग के मुखिया प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वीएन अम्बाड़े नर्मदापुरम में एसटीआर के दो बागों की मौत और अवैध कटाई की समीक्षा करने आएं थे। उन्होंने वन्य प्राणियों की मौत को लेकर चिंता जताई थी और सुरक्षा के बेहतर इंतजाम के अधिकारियों को निर्देश दिए।

## भारत में होगा 2026 बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन, नई दिल्ली बनेगा मेज़बान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को एक बार फिर बैडमिंटन की दुनिया में बड़ा सम्मान मिलने जा रहा है। बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 का आयोजन नई दिल्ली में किया जाएगा। इसका ऐलान पेरिस में चल रही मौजूदा विश्व चैंपियनशिप के समापन समारोह के दौरान किया गया। इस मौके पर भारत के स्टार डबल्स जोड़ीदार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने कांस्य पदक जीता, जो उनकी विश्व चैंपियनशिप में दूसरी पदक उपलब्धि है। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, हम बीडब्ल्यूएफ का आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने भारत को यह मेज़बानी सौंपी। हम भरोसा दिलाते हैं कि भारत भी पेरिस की तरह उत्कृष्टता और भव्यता के उसी स्तर को आगे बढ़ाएगा। हम पूरी बैडमिंटन फैमिली का दिल्ली में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

**भारत का विश्व चैंपियनशिप में प्रदर्शन :** अब तक भारत ने विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में 15 पदक जीते हैं। इनमें से पांच पदक अकेले पीवी सिंधु ने जीते हैं– 1 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य। ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने 2 कांस्य पदक हासिल किए। किदांबी श्रीकांत ने 2021 में रजत जीता, जबकि साई प्रणीत, लक्ष्?य सेन और एचएस प्रणय ने हाल के वर्षों में कांस्य पदक दिलाए। भारत के लिए इस प्रतियोगिता का पहला पदक 1983 में प्रकाश पादुकोण ने कोपेनहेगन में कांस्य जीतकर खोला था। वहीं, ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा ने 2011 में महिला युगल वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया था।

## यूएस ओपन 2025: सिनर ने बब्लिक को रौंदकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई



**न्यूयॉर्क,एजेंसी।** डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर ने यूएस ओपन 2025 में अपनी शानदार लय बरकरार रखते हुए कजाकिस्तान के 23वीं वरीयता प्राप्त अलेक्ज़ेंडर बब्लिक को 6-1, 6-1, 6-1 से करारी शिकस्त दी और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लेबर डे पर आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में इटली के 24 वर्षीय स्टार ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और अपने पसंदीदा हार्ड कोर्ट ग्रैंड स्लैम पर लगातार 25वीं जीत दर्ज की।

सिनर ने कहा, हम एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं। इस साल कुछ कड़े मुकाबले हुए हैं। पिछली बार उसका मैच लंबा चला था और वह अपनी सर्विस का पूरा इस्तेमाल नहीं कर पाया। मैंने हर सेट में उसे तोड़ा और इससे मुझे आत्मविश्वास मिला। पहली बार नाइट सेशन में खेलना एक खास अनुभव है। दर्शकों का शुक्रिया, यह हमारे लिए बहुत खास मौका है। पहले सेट में डबल ब्रेक से 4-0 की बढ़त बनाने वाले सिनर ने शानदार बैकहैंड विनर के साथ सेट समाप्त किया। सिनर ने लगातार आठवीं बार किसी ग्रैंड स्लैम का क्वार्टर फाइनल खेलना सुनिश्चित किया। अब क्वार्टर फाइनल में सिनर का सामना अपने ही हमवतन लोरेंजो मुसेटी से होगा। उन्होंने कहा, इटैलियन टेनिस शानदार दौर में है। हमारे पास कई खिलाड़ी और अलग-अलग स्टाइल हैं। लोरेंजो सबसे बड़े टैलेंट्स में से एक है। एक इटैलियन खिलाड़ी का सेमीफाइनल में होना तय है और यह हमारे लिए गर्व की बात है। यहां दर्शकों में भी कई इटैलियन फैंस हैं, जिससे यह और खास हो जाता है।

# न्यूज़ीलैंड टी20 सीरीज के लिए, मार्कस स्टॉइनिस की ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें ऑलराउंडर मार्कस स्टॉइनिस की वापसी हुई है। उनके साथ मिच ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट और जेवियर बार्टलेट की भी टीम में वापसी हुई है, जिससे अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए स्टॉइनिस की दावेदारी मज़बूत हो गई है।



36 वर्षीय स्टॉइनिस पिछले एक साल से न तो सेंट्रल और न ही स्टेट कॉन्ट्रैक्ट में थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए आखिरी बार नवंबर 2024 में खेला था। इस साल फरवरी में उन्होंने वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन टी20 लीग्स में लगातार सक्रिय रहे। उन्होंने आईपीएल में पंजाब किंग्स और द हंड्रेड में ट्रेंट रॉकेट्स के लिए अहम भूमिकाएं निभाई और दोनों टीमों को फाइनल तक पहुँचाने में योगदान दिया।

हालांकि, विश्व कप टीम में जगह बनाना स्टॉइनिस के लिए आसान नहीं होगा। मिडिल ऑर्डर ऑलराउंडर की भूमिका के लिए कैमरन ग्रीन, टिम डेविड और मिच ओवेन भी दावेदार हैं। ग्रीन न्यूज़ीलैंड सीरीज में नहीं खेलेंगे क्योंकि वे घरेलू एशेज की तैयारी के लिए शेफील्ड शील्ड क्रिकेट पर ध्यान देंगे। वहीं ओवेन चोट (कन्कशन) से उबरने के बाद टीम में लौटे हैं।

मैथ्यू शॉर्ट भी चोट (साइड स्ट्रेन) से उबरकर टीम में वापसी कर रहे हैं। एलेक्स कैरी और आरोन हार्डी को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर चोटिल खिलाड़ियों की जगह मिली थी, लेकिन अब वे बाहर हो गए हैं। तेज़ गेंदबाज़ नाथन एलिस पितृत्व अवकाश के कारण इस दौरे से अनुपस्थित रहेंगे।

इस दौरे पर ऑस्ट्रेलिया के दो बड़े खिलाड़ी भी नहीं खेलेंगे–मिचेल स्टार्क, जिन्होंने टी20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, और पैट कमिंस, जो पीठ की चोट से उबर रहे हैं और एशेज के लिए फिटनेस हासिल करने की कोशिश में हैं। तीन मैचों की टी20 सीरीज माउंट माउंगानुई में 1, 3 और 4 अक्टूबर को खेली जाएगी।

**ऑस्ट्रेलिया की टीम (टी20 बनाम न्यूज़ीलैंड):** मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, टिम डेविड, बेन ड्वार्शुइस, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैट कुहनेमन, ग्लेन मैक्सवेल, मिच ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टॉइनिस, एडम ज़ैम्पा।

## ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी20 अंतरराष्ट्रीय से लिया संन्यास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टेस्ट और एकदिवसीय प्रारूप में अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। ऑस्ट्रेलिया की लंबे समय से चली आ रही तेज गेंदबाजी तिकड़ी के दो सदस्य, स्टार्क और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस, 1 अक्टूबर से न्यूजीलैंड में शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के लिए मंगलवार को घोषित राष्ट्रीय टी20 टीम में शामिल नहीं थे।

कमिंस को पिछले महीने कैरेबियाई दौरे के बाद से आराम दिया गया है और उन्हें पीठ के निचले हिस्से में दर्द की शिकायत है, जिससे नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली एशेज श्रृंखला के लिए उनकी तैयारी प्रभावित हो रही है। ऑस्ट्रेलिया के लिए 65 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 79 विकेट लेने वाले 35 वर्षीय स्टार्क ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट उनकी प्राथमिकता है और उन्हें अगले दो वर्षों में एक गहन अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए तैयारी करने की आवश्यकता है। स्टार्क अगले वर्ष भारत में होने वाली एशेज और टेस्ट श्रृंखला तथा 2027 में होने वाले अगले एकदिवसीय विश्व कप के लिए पूरी तरह से फिट होना चाहते हैं और उन्होंने निर्णय लिया कि उन्हें कुछ न कुछ करना ही होगा। स्टार्क ऑस्ट्रेलिया की सफलता में अहम भूमिका निभाते रहे हैं और टी20 प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के लिए सर्वकालिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। बाएं हाथ के इस तेज़ गेंदबाज़ की फुल-लेंथ गेंदों ने एक स्ट्राइक गेंदबाज़ के रूप में उनकी प्रतिष्ठा को मज़बूत किया है।

स्टार्क ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले गए हर टी20 मैच, खासकर 2021 विश्व कप, के हर मिनट का मैंने भरपूर आनंद लिया है - सिर्फ़ इसलिए नहीं कि हम जीते, बल्कि इसलिए भी कि हम एक बेहतरीन टीम थे और इस दौरान जो मज़ा आया, उससे भी ज़्यादा। उन्होंने आगे कहा, आगे की ओर देखना (टी20 से संन्यास लेना) मेरे लिए उन अभियानों के लिए तरोताज़ा, फिट और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का सबसे अच्छा तरीका है। इससे गेंदबाज़ी टीम को उस टूर्नामेंट से पहले के मैचों में टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए भी समय मिल जाता है।

## यूएस ओपन 2025: ओसाका ने गॉफ को हराकर क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** नाओमी ओसाका ने सोमवार को दो पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियनों के बीच बहुप्रतीक्षित चौथे दौर के मुकाबले में तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम 8 में प्रवेश किया। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका ने अपनी पुरानी चमक दिखाते हुए शुरुआत से ही मैच पर नियंत्रण बनाए रखा, जबकि 2023 की चैंपियन गॉफ को अपने फोरहैंड और सर्विस में संघर्ष करना पड़ा।

इस नतीजे के साथ ओसाका पांच साल में पहली बार यूएस ओपन के क्वार्टर फ़ाइनल में पहुंच गई और अब उनका अगला मुकाबला चेक गणराज्य की 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा या यूक्रेन की 27वीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्त्युक से होगा। 2018 और 2020 में न्यूयॉर्क में जीत हासिल करने वाली ओसाका ने कहा, यह वाकई खास है। मैं उनका बहुत सम्मान करती हूं। जिस तरह से वह खुद को पेश करती हैं, वह वाकई खास है। इतनी कम उम्र में इतनी आदर्श होने के नाते, मैं उनका सम्मान करती हूं।

**अनिसिमोवा ने हद्दाद माइया को हराया :** अमांडा अनिसिमोवा ने आर्थर ऐश स्टेडियम में दूधिया रोशनी में अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस प्रदर्शन किया और ब्राज़ील की बीट्रिज़ हद्दाद माइया को 6-0, 6-3 से हराकर क्वार्टर फ़ाइनल में जगह बनाई, जहां उनका सामना इगा स्वियाटेक से होगा। 24 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी ने कहा कि जुलाई में विंबलडन फ़ाइनल में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी से 6-0, 6-0 से मिली करारी हार का बदला लेने का मौका पाकर वह खुश हैं। आठवीं वरीयता प्राप्त अनिसिमोवा ने कहा, किसने सोचा था कि हम इतनी जल्दी फिर मिलेंगे? मैं बहुत उत्साहित हूँ। यह एक शानदार मैच होने वाला है... उम्मीद है, इस बार भी। अमेरिकी खिलाड़ी ने 18वीं वरीयता प्राप्त हद्दाद माइया की सर्विस तीन बार तोड़कर पहला सेट आधे घंटे से भी कम समय में जीत लिया। दूसरे सेट में उन्होंने शुरुआती गेम में सर्विस तोड़कर नियंत्रण हासिल कर लिया, लेकिन ब्राज़ीलियाई खिलाड़ी ने अमेरिकी खिलाड़ी की कुछ चूकों के बाद वापसी करके आखिरकार स्कोरबोर्ड पर जगह बना ली।

हालांकि, हद्दाद माइया की सर्विस एक बार फिर लड़खड़ाने के बाद अनिसिमोवा ने दो ब्रेक पॉइंट बचाकर अपनी बढ़त बनाए रखी और उसे और मज़बूत किया, फिर एक आखिरी ब्रेक के साथ जीत पक्की कर ली।

## ओलंपिक चैंपियन इमान खलीफ ने वर्ल्ड बॉक्सिंग के जेंडर टेस्ट नियम के खिलाफ सीएएस में की अपील



**लुसाने, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता अल्जीरियाई मुक्केबाज़ इमान खलीफ ने वर्ल्ड बॉक्सिंग के उस निर्णय के खिलाफ अपील की है, जिसमें उन्हें आगामी प्रतियोगिताओं से बाहर कर दिया गया है जब तक कि वे अनिवार्य जेनेटिक सेक्स टेस्ट न कराएं।

स्पोर्ट्स के लिए कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन (सीएएस) ने सोमवार को बताया कि खलीफ ने यह अपील पिछले महीने दायर की थी। हालांकि, सीएएस ने वर्ल्ड बॉक्सिंग के फैसले को तत्काल निलंबित करने की खलीफ की मांग को खारिज कर दिया है। इसका मतलब है कि वह इस हफ्ते शुरू होने वाली वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले पाएंगी। खलीफ ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। उस दौरान उन पर और चीनी ताइपे की लिन यू-टिंग पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सवाल उठे थे। दोनों को 2023 की वर्ल्ड चैंपियनशिप से पूर्व शासी निकाय इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (आईबीए) ने अज्ञात पात्रता परीक्षणों में विफल बताकर बाहर कर दिया था।

हालांकि, आईबीए को लंबे समय से विवादों और कुप्रबंधन के कारण निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद आईओसी (अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति) ने टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में बॉक्सिंग का संचालन किया और पुराने जेंडर पात्रता नियमों के आधार पर खलीफ व लिन दोनों को खेलने की अनुमति दी।

## राशिद खान ने रचा इतिहास, अफगानिस्तान की यूएई पर आसान जीत

**शारजाह,एजेंसी।** अफगानिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को सोमवार रात 38 रनों से हराकर त्रिकोणीय सीरीज़ में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस मैच में स्टार स्पिनर राशिद खान ने बड़ा कीर्तिमान रचते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बन गए। 26 वर्षीय राशिद ने 3 विकेट लेकर अपना आंकड़ा 165 पर पहुँचा दिया और न्यूज़ीलैंड के तेज़ गेंदबाज़ टिम साउदी (164 विकेट) को पीछे छोड़ दिया। राशिद ने ईथन डिसूज़ा (12), आसिफ खान (1) और ध्रुव पाराशर (1) को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले अफगानिस्तान ने बल्लेबाज़ी करते हुए 4 विकेट पर 188 रन बनाए। इब्राहिम जादरान (63 रन, 40 गेंद, 4 छक्के, 3 चौके) और सेदिकुल्लाह अतल (54 रन, 40 गेंद, 3 छक्के, 4 चौके) ने दूसरे विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी की। अतल का यह पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक था। अंत में करीम जनत (23*, 10 गेंद, 2 चौके, 2 छक्के) और अजमतुल्लाह उमरज़ई (20*, 12 गेंद, 2 छक्के) ने ताबड़तोड़ पारी खेलकर स्कोर को मज़बूती दी। यूएई के मुहम्मद रोहिद और सगीर खान ने 2-2 विकेट झटके।




लक्ष्य का पीछा करते हुए यूएई ने कप्तान मुहम्मद वसीम (67 रन, 37 गेंद, 6 छक्के, 4 चौके) की आतिशी पारी से धमाकेदार शुरुआत की। उन्होंने 23वां टी20द्व अर्धशतक जमाया, लेकिन उनके आउट होते ही टीम की लय बिगड़ गई और निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 150 रन ही बना सकी। प्री-फिटनेस टेस्ट में खिलाड़ियों के लिए यो-यो टेस्ट के साथ ड्यूल-एनर्जी एक्स-रे भी हुआ। ष्ठङ्ग एक मेडिकल इमेजिंग टेस्ट है, जो कम डोज वाली एक्स-रे किरणों से हड्डियों की मजबूती, शरीर में फैट और मांसपेशियों की मात्रा मापता है। यह चोटों, खासकर फैक्चर के जोखिम का पता लगाने में मदद करता है। ऑस्ट्रेलिया के चयन अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, मिच को ऑस्ट्रेलिया के लिए अपने टी20 करियर पर बेहद गर्व होना चाहिए। वह 2021 विश्व कप विजेता टीम का एक अभिन्न सदस्य थे और अपने पूरे क्रिकेट करियर की तरह, अपनी विकेट लेने की क्षमता से मैच पलटने का उनमें अद्भुत कौशल था। बेली ने कहा, हम सही समय पर उनके टी-20 करियर को स्वीकार करेंगे और उसका जश्न मनाएंगे, लेकिन खुशी की बात यह है कि वह यथासंभव लंबे समय तक टेस्ट और वनडे क्रिकेट खेलना जारी रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इस जीत के बाद अफगानिस्तान ने सीरीज़ में वापसी की। पाकिस्तान पहले ही दोनों मैच जीत चुका है और अब मंगलवार को अफगानिस्तान से भिड़ेगा। तीनों टीमों को दो-दो मैच खेलने हैं, जबकि शीर्ष दो टीमें 7 सितंबर को फाइनल में आमने-सामने होंगी।

## रक्तदान करने उमड़े लोग, स्वास्थ्य शिविर में उपचार के साथ दी दवाएं



**भिलाई, एजेंसी।** सैयदी सुन्नी जामा मस्जिद-मजार कमेटी भिलाई-तीन की ओर से ईद मिलादुन्नबी होने वाले आयोजनों के सिलसिले में रविवार 31 अगस्त को स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कमेटी के सदर रुस्तम अली ने बताया कि प्यारे नबी हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैहि वसल्लम के 1500 वें जन्मदिन के मौके पर कमेटी ने रक्तदान शिविर व आयुष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। यहां रक्तदान शिविर में कुल 50 लोगों ने रक्तदान किया। जिनमें 05 महिलाएं भी शामिल है। भिलाई-तीन चरोदा नगर निगम वार्ड पार्षद व एम आई सी सदस्य देवकुमारी भलावी ने भी स्वेच्छा से रक्तदान किया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. पवन कुमार नामेवर मेडिसिन विशेषज्ञ ने 20 मरीजों का उपचार कर निदान व आवश्यक सलाह दी। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने रक्तचाप व ब्लड शुगर एनसीडी कैंप के माध्यम से 55 लोगों की स्क्रीनिंग की। जिसमें नये ब्लड पवन शुगर के मरीजों को व हाइपरटेंशन मरीजों को जीवन शैली में व्यायाम करने व खानपान में बदलाव करने सलाह दी गई। आयुष स्वास्थ्य शिविर में 120 लोगों को उपचार कर दवा वितरण किया गया। जिसमें वात रोग, चर्म रोग,शूल पीड़ा व नसों की दर्द ,उदर रोग व स्त्री रोग से संबंधित बीमारियों का उपचार कर दवा दी गई। शिविर में डॉ. पवन कुमार नामेवर,डॉ. नितिन कश्यप, योग शिक्षक आकांक्षा मिश्रा, बी ई ईटीओ शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई सैय्यद असलम, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका कुमारी देवीला चंद्राकर, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक निवेश प्रधान, फार्मासिस्ट विनय निर्मलकर,जय सिंह कोठारी,मितानिन नूतन तिवारी, लतिका सरकार वार्ड वाय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने सेवाएं प्रदान की। वहीं समिति की ओर से सर्वप्रथम रक्तदान करने वाले व्यक्तियों ओर संस्थान द्वारा चिकित्सकों ओर वार्ड पार्षदों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया रक्तदान करने वालों को गुड सेठ रायपुर ने सम्मान स्वरूप निशुल्क हेलमेट प्रदान किया। समिति की ओर सदर रुस्तम अली,नसीम खान रईस अहमद, तौहीद रज़ा बाबा, अब्दुल हसन पर,तौसीफ, मोहम्मद इमरान,छाया पार्षद शारदा, छाया पार्षद तुलसी मरकाम, लाभेश,गुड होप ब्लड सेंटर रायपुर के संचालक हितेश चंद्राकर और कांग्रेस के युवा नेता ज़फ़र अब्बास सहित रक्तदान करने वाले हितग्राही उपस्थित थे।

## मेगा रक्तदान शिविर में 171 रक्तदाताओं ने किया रक्त दान



**दुर्ग, एजेंसी।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने तहसील दुर्ग के ग्राम कोड़ियां, भानपुरी, कुथरेल में हो रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को सर्वेयरों की संख्या बढ़ाने और प्रतिदिन सर्वेयरों को लक्ष्य निर्धारित कर सर्वे की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर सिंह शौर्य युवा संगठन व गायत्री प्रज्ञा पीठ कोड़िया एवं कर्मवीर युवा संगठन कातरो द्वारा आयोजित मेगा रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुए जिसमें लगभग 171 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया हैं। भ्रमण के दौरान तहसीलदार दुर्ग प्रफुल्ल कुमार गुप्ता, अतिरिक्त तहसीलदार क्षमा यदु, हुलेश्वर खूंटे, राजस्व निरीक्षक शेष नारायण दुबे सहित पटवारी और सर्वेयर उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

**जशपुरनगर, एजेंसी।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को



कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनके समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि हर आवेदक को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी समय पर प्राप्त हो। आज जनदर्शन में कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व संबंधित मामले, साफ- सफाई, रोजगार सहित विभिन्न मामलों से संबंधित आवेदन शामिल थे।

## प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 04 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर, एजेंसी।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आर.बी.सी. 6-4 के तहत् 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। बगीचा तहसील अंतर्गत ग्राम ढोढर अंबा, निवासी स्व. रतनी बाई का कुआं के पानी में डूबने से 05 सितम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पति सुखनाथ राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## जिले में 01 जून से अब तक 8680.1 मिमी वर्षा दर्ज

**जशपुरनगर, एजेंसी।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 8680.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 01 सितम्बर तक की स्थिति में 8413.1 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 42.2 मिमी वर्षा हुई है।

# दुर्ग भिलाई इकाई ने मनाया यूथ हॉस्टल्स फाउंडेशन डे

**मीडिया ऑडीटर, भिलाई, (निप्र)।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया दुर्ग भिलाई इकाई द्वारा यूथ हॉस्टल्स फाउंडेशन डे का आयोजन किया गया। विदित हो कि 114 वर्ष पहले एक प्रख्यात जर्मन स्कूल शिक्षक रिचर्ड शिरमेन ने यूथ हॉस्टल्स की स्थापना किया था। उन्होंने 1912 में जर्मनी के अल्टेनिया में पहला यूथ हॉस्टल स्थापित किया था। फैमिली गेट टुगेदर सह स्थापना दिवस के इस आयोजन में यूथ हॉस्टल्स के लगभग चालीस सदस्यों की उपस्थिति रही। यूथ हॉस्टल्स भिलाई इकाई चेयरमेन के. सुब्रमण्यम और प्रेसिडेंट ऋषि कांत तिवारी ने बताया कि आयोजन में विविध कार्यक्रम हुए। सचिव सुबोध देवाँगन ने बताया कि आयोजन की शुरुआत संस्थापक सदस्यों की तस्वीर पर पुष्पार्पण से हुआ। उन्होंने यूथ हॉस्टल्स की गतिविधियों , सदस्यों को सुविधा अवसर एवं लाभ के सम्बन्ध में भी विस्तार से जानकारी दी । इस अवसर पर दुर्ग भिलाई इकाई के आयोजनों में अधिकाधिक भागीदारी के लिए यूथ आइकॉन के रूप में संस्था के वरिष्ठ सदस्य दम्पति हरदेव सिंह गिल एवं मंजीत कौर गिल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।





स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेस्ट ऑफ द वेस्ट में इकाई के जूनियर मेम्बर मृणाल पिल्लई को प्रथम सांत्वना पुरस्कार प्राप्त होने के अवसर पर राष्ट्रीय प्रमाण पत्र , नगद पाँच सौ रुपये और भिलाई इकाई द्वारा उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य हरिशरणजीत कौर द्वारा संस्था को चेंजिंग टेंट प्रदान किया गया।

फाउंडेशन डे का यह आयोजन फैमिली गेट टू गेदर के रूप में आयोजित रहा।जिसमें ओम तिवारी ने गिटार पर खूबसूरत प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। पी. के. सिंह, सुमन माण्डवे एवं अविनाश तिवारी ने सुमधुर गानों से सभी को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। सदस्यों ने यूथ हॉस्टल्स से जुड़े अपने अपने अनुभव भी शेयर किये। अन्त में केक काटकर संस्था की सक्रिय सदस्य शबीना अलमास का जन्मदिन मनाया गया। आयोजन को सफल बनाने में सुधीर अवधिया, महेन्द्र देवांगन, हेमलाल देवाँगन, पी के सिंह, पंकज मेहता, दीपक धीमान, संदीप दवे, संजय द्विवेदी, के. श्रीराम , श्वेता तिवारी , विनय शुक्ला , अनीता शुक्ला, डॉ. आर पी तिवारी, जया तिवारी, अभय तिवारी, अविनाश तिवारी, अमित अग्रवाल, मो. अलमास, लता तिवारी, ओम तिवारी, ओमकुमारी देवांगन, अंशुल देवाँगन, लीना देवांगन, सुमन माण्डवे, देवांश माण्डवे, के. सिन्धु, के. स्तुति , बी. समीर, पुष्पलता वर्मा, नीतू वर्मा, इन्द्रजीत कौर, रश्मि मेहता और के. श्रीराम और कल्पना अवधिया सहित अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

## गणपति जी के पंडाल में जाकर एनएचएम कर्मचारियों ने मोदी की गारंटी की खोज की

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** एनएचएम कर्मचारियों संघ द्वारा मनेंद्रगढ़ मुख्यालय में चल रहे 16 दिन हड़ताल के मोदी जी की गारंटी की खोज में निकले थे एवं उनके द्वारा गणेश जी के पंडाल में जाकर भगवान से अर्जी लगाई गई कि मोदी जी की गारंटी कहीं मिलती है तो हमें



बताइए एनएचएम कर्मचारियों द्वारा मोदी ने चुनाव के वक्त कुछ वादा किया था और मोदी की गारंटी के नाम से वह वादा मिला था जो आज से पूर्ण नहीं हो पाया है एनएचएम कर्मचारियों विगत 16 दिन से हड़ताल में है और अपने 10 सूत्री मांगों को लेकर के डेट हुए हैं । 2 सितंबर को मोदी जी की गारंटी की खोज में बाजारों में जाकर पंप्लेट बांटे गए एवं लोगों से आवाहन किया गया कि यदि मोदी जी की गारंटी आपको मिलती है। तो हमें भी बताइए 2 वर्ष हो गए मोदी जी ने एनएचएम कर्मचारी संघ से कुछ वादा किया था, वह आज तक पूरा नहीं हो पाया क्या यही है मोदी जी की गारंटी। देखना अब यह है कि एनएचएम कर्मचारियों का यह मांग पूरा हो पता है या नहीं की लगातार इनके द्वारा कई दिनों से धरना प्रदर्शन कर यह सिलसिला जारी रहेगा।

### पापा, मैं ठीक हो जाऊंगी ना ? - दिल की बीमारी से जूझ रही मासूम शांभवी गुरला का सवाल

# स्वास्थ्य मंत्री ने भोपालपटनम से आए परिवार को दिया संपूर्ण इलाज का भरोसा

### रायपुर के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में होगा रियूमेटिक हार्ट डिजीज (आरएचडी) का इलाज

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर, ( निप्र )।** बीजापुर जिले भोपालपटनम ब्लॉक के वरदली गांव की 7वीं कक्षा में पढ़ने वाली 11 वर्षीय शांभवी गुरला की मासूम आंखों में एक ही सवाल था— पापा, मुझे क्या हुआ है, मैं ठीक हो जाऊंगी ना? खेती-किसानी कर परिवार का गुजारा करने वाले उसके पिता इस सवाल पर अक्सर चुप हो जाते थे। तीन महीने पहले जिला अस्पताल बीजापुर में जब डॉक्टरों ने बताया कि शांभवी



को रियूमेटिक हार्ट डिजीज (आरएचडी) है, तो पिता के पांव तले जमीन खिसक गई। डॉक्टरों ने रायपुर में इलाज कराने की बात कही, लेकिन परिवार को लगा कि रायपुर में इलाज में तो बहुत ज्यादा खर्च लगता होगा, ये सोच कर परिवार की उम्मीदें टूटने लगीं।

घर में हर रोज यही चर्चा होती—अब क्या होगा? हम अपनी बेटी का इलाज कैसे कराएंगे? मां रोती और शांभवी को सीने से लगाकर कहती—बेटा, सब ठीक होगा। लेकिन उसके पिता की आंखों में चिंता साफ झलकती थी। आखिरकार उन्होंने हिम्मत जुटाई और बेटी को लेकर सीधे स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के पास पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री ने बच्ची से मुलाकात की और तुरंत ही रायपुर के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में डॉ. स्मित श्रीवास्तव से बात की। स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज तुरंत शुरू किया जाए। खर्च की चिंता मत करें, सरकार पूरी जिम्मेदारी लेगी। स्वास्थ्य मंत्री की यह बात सुनते ही शांभवी की मां की आंखों से आंसू बह निकले। उन्होंने कांपती आवाज़ में कहा— मंत्री जी, आप हमारी बेटी को नया जीवन दे रहे हैं। आप हमारे लिए किसी डाक्टर से कम नहीं।

## जनदर्शन के आवेदनों को समय-सीमा पर करें निराकरण: कलेक्टर

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी ( निप्र )।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आज कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में आवेदक किशोरी मिश्रा निवासी मनेन्द्रगढ़ कलेक्टर दर से वेतन भुगतान किये जाने के संबंध में, चिरौंजिया निवासी खोंगापानी दिये गये पैसा को वापस नहीं किये जाने के संबंध में, देवी प्रसाद निवासी मंगौरा भूमि के संबंध में, रिभान्शू निवासी हर्रा किसान आईडी दुरूस्त करने के संबंध में, समस्त ग्रामवासी केंवटी पृथक ग्राम सभा गठन के संबंध में, मनीष सिंह निवासी खोंगापानी पुनः गुणवत्तापूर्ण सी.सी.रोड निर्माण के संबंध में, उर्मिला जायसवाल निवासी मनेन्द्रगढ़ आंगनबाड़ी भवन निर्माण करवाये जाने के संबंध में, सुरजीत सिंह निवासी मनेन्द्रगढ़ सूचना के अधिकार के अधिनियम 2005 के साथ खिलवाड़ करने के संबंध में एवं निर्मित दुकानों के जांच में अनावश्यक देरी के संबंध में, रामकली निवासी चिरमिरी मुआवजा दिलाये जाने के संबंध में, कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

## मिशन शक्ति संकल्प शिविर में पिपरिया पंचायत की महिलाओं को मिला सशक्तिकरण का संदेश

**एमसीबी।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में ग्राम पंचायत पिपरिया में मिशन शक्ति (हब) के अंतर्गत स्ह्यरुक्क- ॥श्ङ्ख विशेष जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को केंद्र और राज्य सरकार की महिला केंद्रित योजनाओं, नीतियों तथा अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उनके कौशल एवं क्षमता निर्माण के लिए प्रेरित करना है। यह कार्यक्रम कलेक्टर के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण का विधायक सम्पत अग्रवाल ने किया शुभारम्भ

### आदि कर्मयोगी अभियान वास्तव में एक परिवर्तनकारी राष्ट्रीय आंदोलन है : विधायक

**महासमुंद, एजेंसी।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु आदि कर्मयोगी नामक नई पहल की गई है। इस अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ आज बसना विधायक सम्पत अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी सचिन भूतड़ा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती शिल्पा साय सहित राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, जनजाति समुदाय के प्रतिनिधि, विकासखण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स और स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सम्पत अग्रवाल ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान वास्तव में एक परिवर्तनकारी राष्ट्रीय आंदोलन है। जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास दूरदर्शी आव्हान का प्रतीक है तथा विकसित भारत के व्यापक रूपरेखा है। उन्होंने कहा कि आज ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण जिसमें जिले के जनजाति समुदायों को शासन की विभिन्न योजनाओं का वास्तविक लाभ और उनकी समस्याओं को नजदीक से जानने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निश्चित ही यह प्रशिक्षण कार्यक्रम समाज के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि धरती आबा जनजाति कार्यक्रम में अब योजनाएं उनके समग्र विकास के लिए बनेंगी।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार ने कहा कि पहले योजनाएं ऊपर से नीचे की ओर आती थी। इस कार्यक्रम में अब योजनाएं धरातल पर बनेगी और इसका क्रियान्वयन के लिए जनसमुदाय भी आगे आएंगे। उन्होंने बताया धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत जनजाति गौरव वर्ष के एक भाग के रूप में आदि कर्मयोगी अभियान के लिए रणनीति बनाई गई। जिसमें जनजाति समुदायों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा गया। उन्होंने बताया कि महासमुंद जिले में इस अभियान की सफल क्रियान्वयन के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य योजना तैयार की जा रही है।

ज्ञात है कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण में जिले के पांचों विकासखण्ड से 50 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान प्रेरणादायक शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इसके पूर्व जिले की 6 अधिकारियों को राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। यह प्रशिक्षण 1 से 3 सितम्बर तक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आदिवासी विकास विभाग द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाभियान (पीएम जनमन) और धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान संचालित किए जा रहे हैं। जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति (कमार) के लिए 9 अलग अलग मंत्रालयों के 11 प्रकार के कार्यों से संतृप्ति का कार्य किया जा रहा है। जनमन योजना अंतर्गत जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार के 77 बसाहटों के 940 परिवारों (3306 जनसंख्या) को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता, जाति प्रमाणपत्र जैसे जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही सामुदायिक उत्थान हेतु प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ पेयजल, बिजली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी विकास किया जा रहा है। वहीं धरती आबा अभियान अंतर्गत जिले के 308 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में 17 मंत्रालयों की 25 योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

अभियान के तहत विकास कार्यों को तीन स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा। जिसमें पहला आदि कर्मयोगी तैयार करना। इनमें राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे। दूसरे क्रम में आदि सहयोगी की टीम बनाई जाएगी।

# मांदर में बाढ़ पीड़ितों को मिली राहत, प्रशासन और समाजसेवियों ने मिलकर की मदद





**जगदलपुर, एजेंसी।** पिछले सप्ताह आई भीषण बाढ़ से प्रभावित मांदर गांव के लोगों को प्रशासन और समाजसेवियों के संयुक्त प्रयासों से बड़ी राहत मिली है। बाढ़ के कारण कई स्कूली बच्चों के महत्वपूर्ण दस्तावेज, किसानों की फसलें और घरों को भारी नुकसान हुआ था, जिसका भरपाई करने के लिए त्वरित कदम उठाए गए हैं।

**विद्यार्थियों को मिले नए दस्तावेज:** बाढ़ में जिन स्कूली बच्चों के जाति, निवास प्रमाण पत्र और अंकसूचियां खराब हो गई थीं, उन्हें दोबारा ये दस्तावेज बनाकर वितरित किए गए। अनुविभागीय अधिकारी नीतीश वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी शालिनी तिवारी, खंड स्रोत समन्वयक पीला राम सिन्हा और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मिलकर बच्चों को ये प्रमाण पत्र सौंपे।

संकुल समन्वयक शिवचरण कश्यप ने बांटी शैक्षणिक सामग्री इसके साथ ही, संकुल समन्वयक शिवचरण कश्यप ने प्रभावित बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन और कपड़े भी प्रदान किए। शालिनी तिवारी ने बच्चों से मिलकर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। माध्यमिक शाला कोटवारपारा मांदर और प्राथमिक शाला चिखला पारा मांदर के बच्चों को गणवेश और बिस्किट भी वितरित किए गए।

**स्वीपर संघ और एनएसएस के छात्रों ने किया श्रमदान :** शिक्षा विभाग के अंशकालीन स्वीपर संघ, विकासखंड लोहंडीगुड़ा के करीब 150 सदस्यों ने स्वयं प्रेरित होकर बाढ़ प्रभावित ग्राम मांदर में श्रमदान किया। इन सदस्यों ने बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए घरों के मलबे की सफाई की। जिन घरों में केवल महिला सदस्य थीं और सफाई करना संभव नहीं था, वहां स्वीपर संघ ने विशेष सहयोग दिया। उन्होंने भीगे हुए धान और अनाज को धूप में सुखाने में भी मदद की। गांव के कई घर बाढ़ में पूरी तरह ढह गए थे, जबकि अन्य घरों को आंशिक क्षति पहुंची है। वहीं कई घरों में करीब एक फीट तक मलबा जमा था। इस कार्य के लिए घर के सदस्यों ने शिक्षा विभाग के अंशकालीन स्वीपर संघ की सराहना करते हुए उनका धन्यवाद किया। इसके साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठियागुड़ा के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने भी बाढ़ से ध्वस्त मकानों के मलबे को हटाने में श्रमदान कर पीड़ितों की मदद की।

**किसानों को जारी हुए नए क्रेडिट कार्ड :** बाढ़ से प्रभावित ग्राम मांदर के किसानों को भी राहत प्रदान की गई है। इस क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों के लिए नवीन किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए, जिससे उन्हें खेती-किसानी के लिए आर्थिक सहायता मिल सके।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक / प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा विप्र एक्सप्रे प्रेस सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर छत्तीसगढ़ से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय वार्ड 14 हल्दीबाड़ी एमसीबी छत्तीसगढ़ से प्रकाशित,संपादक संदीप द्विवेदी
आर .एन .आई नं . सी टी एच आई एन /25/ए 1478 फोन नं .7974467831,9589645803, mediaauditor1@gmail .com पीआइबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार , सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा